दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, सोमवार 30 मार्च 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1015

## संक्षिप्त खबरें ।

### लद्दाखवासी भारत का गौरव, उन्हें उनके द्वार पर मिलेगा न्याय: CJI सूर्यकांत

लोक तंत्र की आवाज़



**जम्मू।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि लद्दाख एक जटिल और संवेदनशील क्षेत्र है। यहां के लोगों ने देश की हित में हमेशा अहम भूमिका निभाई है। लद्दाखवासियों पर देश को गर्व है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि यहां पर ड्यूटी दे रहे सैनिक व अन्य लोगों को सस्ती, सुलभ और कम समय में न्याय मिले। लद्दाखवासी भारत का गौरव हैं और भारत की न्यायपालिका व हर नागरिक भावूकता के साथ लद्दाख से जुड़ा है। शनिवार को लेह में जिला न्यायालय परिसर और लद्दाख विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि लद्दाख के लोगों का हमेशा से ही भारत के संविधान, न्यायपालिका व नागरिक प्रशासन के प्रति जो विश्वास रहा है, उसमें आज एक और कड़ी जुड़ गई।

उन्होंने कहा कि वह यहां पर न्याय आपके द्वार के दृष्टिकोण के साथ आए हैं। लेह, कारगिल व यहां के अन्य क्षेत्रों में इसी प्रकार की सुविधाएं लोगों के पास होंगी। यहां के लोगों का हमारे सिस्टम के प्रति विश्वास है। लद्दाख वासियों ने देश की रक्षा में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय न्यायपालिका के लिए बहुत बड़ा गर्व है कि मैं यहां पर भारत की न्यायपालिका का प्रतिनिधित्व करने के लिए आया हूं। यह मेरे लिए खुशी की बात है कि यहां पर पहली बार कोई चीफ जस्टिस आया है। मैं यहां की हाईकोर्ट और सरकार का आभार व्यक्त करता हूं कि यहां पर न्यायपालिका को बेहतर ढांचा उपलब्ध है। यहां पर सभी आधुनिक सुविधाएं हैं। यह नया कांप्लेक्स अगले पचास वर्ष तक लोगों की सुविधा को देखते हुए तैयार किया गया है।

**कारगिल में आज करेंगे कोट कांप्लेक्स का उद्घाटन:** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि कारगिल में भी इसी प्रकार का कोर्ट कांप्लेक्स बना है। मुझे पूरा विश्वास है कि कारगिल के लोगों के लिए भी पचास वर्षों तक यह सुविधा रहेगी। उसका भी रविवार को उद्घाटन करेंगे। यहां पर भी स्टेट ऑफ आर्ट सुविधा उपलब्ध है। किसी को सलाह, कानूनी सहायता या मार्गदर्शन के लिए कोई आवश्यकता होगी तो हमारा मेंबर सेक्रेटरी और पैरा लीगल सदस्यों के लिए भी यहां पर स्थान बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर इस स्थल की तुलना भारत के स्टेट लीगल अथॉरिटी के साथ करें तो यह बहुत सुंदर है।

# पर्ची से नहीं निकलेगा बिहार के नए मुख्यमंत्री का नाम

लोक तंत्र की आवाज़



**पटना ।** बिहार में सत्ता का हस्तांतरण उतना आसान नहीं दिख रहा है, जितना भारतीय जनता पार्टी समझ रही थी। एक बार नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़ने पर राजी हो गए तो सारी बारगेनिंग पावर उनके हाथ में आ गई है। इससे पहले खुद मुख्यमंत्री बने रहने के लिए वे कई तरह के समझौते करते थे। लेकिन जब उनको मुख्यमंत्री नहीं रहना है तो वे भाजपा के साथ ज्यादा मजबूती से मोलभाव करने की स्थिति में हैं। उनकी पार्टी इस वास्तविकता को समझ रही है और उस हिसाब से पोजिशनिंग की जा रही है।

नीतीश कुमार की पार्टी सत्ता हस्तांतरण की टाइमिंग तय कर रही है और साथ ही यह भी तय कर रही है कि नीतीश कुमार का उत्तराधिकारी यानी बिहार का नया मुख्यमंत्री मनमाने तरीके से नहीं चुना जाएगा। जनता दल यू ने साफ कर दिया है कि नीतीश कुमार की सहमति से ही उनका उत्तराधिकारी चुना जाएगा।

मुख्यमंत्री भाजपा का होगा यह स्वीकार कर लिया गया है। लेकिन उसके चयन में नीतीश कुमार की भी सहमति होनी चाहिए। जानकार सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार की ओर से उनकी पार्टी के नेताओं ने भाजपा को स्पष्ट कर दिया है कि बिहार में राजस्थान या मध्य प्रदेश की तरह मुख्यमंत्री नहीं चुना जा सकता है। यह भी कहा गया है कि पर्ची निकाल कर सीएम तय करने का काम बिहार में नहीं होगा। जानकार सूत्रों का कहना है कि नीतीश की पार्टी की ओर से भाजपा को कहा गया है कि बिहार में समाजवादी राजनीति की जड़ें बहुत गहरी हैं और नए मुख्यमंत्री का चुनाव करते हुए इसका ध्यान रखना होगा। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि बिहार में जातीय व सामाजिक संतुलन बहुत नाजुक है और नए मुख्यमंत्री का चुनाव करते हुए जातीय वास्तविकताओं का भी ध्यान अनिवार्य रूप से रखना होगा।

इसके अलावा जो मोलभाव है वह अपनी जगह है। नीतीश कुमार की पार्टी अब भी स्पीकर पद के लिए अड़ी है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि गृह मंत्रालय पर समझौता हो सकता है। यानी मुख्यमंत्री के साथ गृह मंत्रालय भाजपा रख सकती है लेकिन स्पीकर का पद जनता दल यू को देना होगा। कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार ने नए स्पीकर का नाम भी तय कर लिया है।

बहरहाल, नीतीश कुमार की पार्टी के नए स्टैंड के बाद अब यह सवाल है कि नया मुख्यमंत्री कौन होगा। अभी तक नीतीश की स्पष्ट पसंद के तौर पर सम्राट चौधरी दिखाई दे रहे हैं। यह भी माना जा रहा है कि उन्हीं के नाम पर मुहर लगवाने के लिए नीतीश कुमार की पार्टी ने यह स्टैंड लिया है। असल में पिछले कुछ दिनों से यह चर्चा शुरू हो गई थी कि भाजपा पहला मुख्यमंत्री ऐसे नेता को बनाएगी, जो हार्डकोर हिंदुत्व वाला हो, आरएसएस से जुड़ा रहा हो और भाजपा का पुराना बैकग्राउंड हो। इस आधार पर कई नेताओं के नाम चल रहे थे। अति पिछड़ा समाज का मुख्यमंत्री बनाने से लेकर वैश्य और महिला मुख्मंमत्री तक के नाम की चर्चा होने लगी थी। तभी नीतीश कुमार की ओर से समाजवादी बैकग्राउंड और सामाजिक समीकरण वाली बात कही गई है। सम्राट चौधरी इस पैमाने पर फिट बैठते हैं।

### आज विप से देंगे इस्तीफा

सम्राट चौधरी नीतीश कुमार के साथ समता पार्टी के दिनों से हैं। दूसरे नीतीश के बनाए कोईरी, कुर्मी और धानुक यानी गौर यादव पिछड़ी जाति की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके साथ नीतीश कुमार को अपनी पार्टी का राजनीतिक समीकरण बचे रहने की उम्मीद है तो साथ ही अपने बेटे निशांत कुमार का भविष्य सुरक्षित रहने का भी भरोसा है। अब सवाल है कि कब सत्ता हस्तांतरण होगा? सोमवार, 30 मार्च को नीतीश कुमार विधान परिषद से इस्तीफा देंगे।

## ईरान में होने वाला है तख्तापलट? राष्ट्रपति व IRGC चीफ के बीच ठनी, कंगाली की कगार पर पहुंचा देश



लोक तंत्र की आवाज़

**तेहरान।** ईरान के अंदरूनी हालात बिगड़ते जा रहे हैं. राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और IRGC के चीफ-कमांडेंट अहमद वाहिदी के बीच जंग को लेकर भारी अनबन शुरू हो गई है. 'ईरान इंटरनेशनल' की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच इस बात पर विवाद है कि युद्ध और उससे टूटती अर्थव्यवस्था को कैसे संभाला जाए. राष्ट्रपति ने IRGC के पड़ोसी देशों पर बढ़ते हमलों की आलोचना की है और चेतावनी दी है कि अगर तुरंत युद्धविराम ( सीजफायर) नहीं हुआ, तो अगले 3 हफ्ते से 1 महीने के अंदर ईरान की इकोनॉमी पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।

**कमांडर्स ने ठुकराई राष्ट्रपति की बात :** 'ईरान इंटरनेशनल' के अनुसार, राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने सेना के 'फायर एट विल' यानी बिना पूछे हमला करने वाले रवैये पर माफी मांगी थी और इसे रोकने के निर्देश दिए थे. इसके बावजूद हमले नहीं रुके. राष्ट्रपति चाहते हैं कि मैनेजमेंट की पावर सरकार के पास वापस आए, लेकिन कमांडर वाहिदी ने इसे साफ मना कर दिया है. जंग के पांचवें हफ्ते में ईरान की जनता दाने-दाने को मोहताज हो रही है. 'ईरान इंटरनेशनल' की रिपोर्ट बताती है कि बड़े शहरों के ATM में कैश खत्म हो गया है और बैंक मिल्ली जैसे बड़े बैंकों की ऑनलाइन सर्विस ठप पड़ गई है. सरकारी कर्मचारियों को पिछले 3 महीने से सैलरी नहीं मिली है।

### तख्तापलट के संकेत?

इजरायली मीडिया भी ईरान के शासन में दरार की खबरें दे रहा है. 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' ने एक सीनियर अधिकारी के हवाले से लिखा है कि ईरानी शासन में दरारें दिखने लगी हैं और वहां सत्ता पलटने के हालात बन रहे हैं. वहीं, एक अन्य इजरायली आउटलेट 'Ynet' ने भी इसी महीने ईरान के अंदरूनी झगड़ों की पुष्टि की है।

## रूस पर प्रतिबंध, अमेरिका-इजरायल के पास कमी मेड इन इंडिया रक्षा उपकरणों की अब बढ़ेगी डिमांड

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया (ईरान-इजरायल) तनाव ने वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखला को बुरी तरह प्रभावित किया है। रूस से स्पेयर पार्ट्स और हथियारों की डिलीवरी में देरी, प्रतिबंध और स्टॉक की कमी ने कई देशों को मजबूर कर दिया कि वे वैकल्पिक और भरोसेमंद सप्लायर्स की तलाश करें। माना जा रहा है कि भारत रक्षा क्षेत्र में कई तरह के उपकरणों की आपूर्ति करने वाले एक देश के तौर पर उभर रहा है।

भारत में 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेड इन इंडिया' कार्यक्रम को रडार, सर्वेलियंस सिस्टम और एयरोस्पेस क्षेत्र में नई गति दी है। भारत जो खुद दुनिया का एक बड़ा रक्षा उपकरण आयातक रहा है, अब निर्यातक के रूप में भी उभर रहा है। चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत का रक्षा निर्यात बढ़ कर 29 हजार करोड़ रुपये को पार करने की तरफ अग्रसर है।

**भारत अब निर्यातक के रूप में भी उभर रहा:** इसी क्रम में भारत की पहली एकीकृत निजी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग इकाई लगाने वाली प्रौद्योगिकी कंपनी एचएफसीएल लिमिटेड की सब्सिडियरी एचएएसपीएल ने बताया है कि वह भारत की रक्षा जरूरत के लिए पूरी तरह से घरेलू प्रौद्योगिकी पर आधारित रडार प्रौद्योगिकी क्षमता विकसित कर चुकी है। यही नहीं कंपनी के पास कुल 1570 करोड़ रुपये का निर्यात आर्डर भी है जो एयरोस्ट्रक्चर व एयरोनोटिक्स से जुड़ा है। यह बताता है कि बेहद उच्च रक्षा प्रौद्योगिकी में भी भारतीय तकनीकी को मान्यता मिलने लगी है। एचएफसीएल ने विभिन्न प्रकार के रडार और थर्मल वेपन साइट्स का निर्माण एक ही जगह कर रही है।

एचएफसीएल अकेली नहीं है अन्य भारतीय कंपनियां भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) रडार और सर्वेलियंस सिस्टम का सबसे बड़ा खिलाड़ी है। बीईएल के रोहिणी, अश्लेषा, भरानी जैसे 3D सर्वेलियंस रडार, एयर डिफेंस रडार और स्वाथी वेपन लोकेटिंग रडार दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका के देशों को निर्यात हो रहे हैं।

## पाकिस्तान का तेल टैंकर बीच समुद्र में उड़ाया! होर्मुज की खाड़ी में कोहराम, ईरान बोला- 'बात न मानने वालों का यही अंजाम होगा

लोक तंत्र की आवाज़



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा**
**नईदिल्ली।** दुनियाभर में जारी युद्ध के तनाव के बीच ईरान ने एक ऐसी कार्रवाई की है जिससे पूरी दुनिया सन्न रह गई है। ईरान ने दावा किया है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक विशाल तेल टैंकर को पूरी तरह तबाह कर दिया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह टैंकर कथित तौर पर 'पाकिस्तान' के झंडे तले चल रहा था। ईरान का आरोप है कि यह जहाज बिना 'अनुमति' के इस बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते को पार करने की कोशिश कर रहा था।

**चेतावनी के बाद 'टारगेटेड स्ट्राइक' :** ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, इस तेल टैंकर को कार्रवाई से पहले कई बार रुकने और पीछे हटने की चेतावनी दी गई थी। जब जहाज की ओर से कोई जवाब नहीं मिला और उसने अपनी यात्रा जारी रखी, तो ईरानी सेना ने उस पर 'टारगेटेड स्ट्राइक' कर दी। इस हमले के बाद जहाज में भीषण आग लग गई और वह समुद्र में ही नष्ट हो गया। ईरान ने इस घटना के बाद कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि उसकी किसी भी चेतावनी को हल्के में न लिया जाए। जो भी उनके नियमों का उल्लंघन करेगा, उसका यही अंजाम होगा।

**होर्मुज की खाड़ी में बढ़ा खतरा:** रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पहले से ही दुनिया का सबसे संवेदनशील इलाका बना हुआ है। हाल के हफ्तों में यहाँ कई जहाजों पर रहस्यमयी हमले और ड्रोन स्ट्राइक की खबरें आई हैं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (IRGC) ने हाल ही में इस समुद्री मार्ग पर अपने नियंत्रण को और सख्त कर दिया है।

**क्यों अहम है यह समुद्री रास्ता ?:** होर्मुज जलडमरूमध्य की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया का करीब 20% कच्चा तेल इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। यह ग्लोबल एनर्जी सप्लाई की लाइफलाइन माना जाता है। यहाँ होने वाली किसी भी छोटी सी हलचल का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों पर पड़ता है। पिछले कुछ समय में बढ़ते हमलों के कारण इस रास्ते से गुजरने वाले समुद्री ट्रैफिक में भारी गिरावट देखी गई है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है।

## विष्णुगढ:मासूम बच्ची की दरिंदगी पूर्वक हत्या मामले में कार्रवाई शून्य

लोकतंत्र की आवाज

### पीड़ित परिवार से मिलने गाँव तक पहुंचे दर्जनभर नेता



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग के विष्णुगढ थाना क्षेत्र कुसुम्भा गाँव में एक 12 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी और उसकी निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना ने पूरे हजारीबाग सहित झारखंड राज्य को गहरे शोक और आक्रोश में डाल दिया है। यह अमानवीय कृत्य केवल एक परिवार की पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनाओं और मानवता पर गंभीर आघात है। इस घटना ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न कर दी है। घटित परिवार से मिलने कई बड़े छोटे नेता गाँव का दौरा कर रहे हैं, जिसमें हजारीबाग सांसद मनीष जासवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद डुमरी, विधायक जयराम महतो, पूर्व विधायक मांडू जयप्रकाश भाई पटेल, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मांडू, विधायक तिवारी महतो बगोदर, विधायक नागेन्द्र महतो एवंकांग्रेस पार्टी के युवा संगठन अध्यक्ष माले के प्रतिनिधिमंडल समेत दर्जनों लोग गाँव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट कर रहे हैं और हरसंभव मदद की दुहाई भी दे रहे हैं। लेकिन अफसोस है कि अब तक मासूम बच्चे की जान लेने वाला अब भी गिरफ्तार नहीं हो पाया है और वह आजाद जिंदगी जी रहा है।

स्थानीय जनप्रतिनिधि व राजनीतिक दलों के प्रयास से 29 तारीख की संध्या में न्यायपसंद लोगो ने विष्णुगढ प्लटू उच्च विद्यालय से 7 मील तक कैंडल मार्च करने का मन बनाए हैं। वहीं, सभी राजनीतिक दलों के लोग इस मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का भरोसा दे रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद विष्णुगढ़ प्रखंड पहुँचकर शोकसंतप्त परिजनों से मुलाकात की और इस दुःख की घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान परिजनों की पीड़ा, उनके आंसू और न्याय की पुकार ने सभी को भावुक कर दिया। विधायक ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि वे इस कठिन समय में अकेले नहीं हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा।

विधायक ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 24 घंटे के भीतर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित नहीं की जाती है, तो सोमवार को हजारीबाग बंद रखा जाएगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्पष्ट कहा कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। ऐसे दरिंदों के लिए कठोरतम दंड सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इस दुख के बेला मे हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल, पूर्व प्रतिपक्ष नेता अमर बाउरी, बरकठ्ठा विधायक अमित यादव , बगोदर विधायक नागेंन्द्र महतो, बडकागाँव विधायक रौशनलाल चौधरी जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हरिश श्रीवास्तव, भुनेश्वर पटेल, मनोज श्रीवास्तव, बलराम शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नेता एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता दोहराई। नेताओं ने स्पष्ट कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भारत बना ड्रोन और क्रूज मिसाइलों का काल दुश्मन आसमान में जलकर राख होंगे

लोक तंत्र की आवाज़



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा**
**नईदिल्ली।** भारत की रक्षा ताकत में अब एक और बड़ा और खतरनाक इजाफा हो गया है. रक्षा मंत्रालय ने नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में 858 करोड़ रुपए के दो बड़े एग्रीमेंट साइन किए हैं. इनका सीधा मकसद भारत के आसमान और समंदर की सुरक्षा को पूरी तरह से अभेद्य बनाना है. इंडियन आर्मी को रूस का टुंगुस्का एयर डिफेंस सिस्टम मिलने वाला है।

यह सिस्टम दुश्मन के विमानों, ड्रोन्स और क्रूज मिसाइलों को पलक झपकते ही हवा में खाक कर देगा. इसके साथ ही इंडियन नेवी के P8I एयरक्राफ्ट के मेंटेनेंस के लिए भी एक बड़ी डील हुई है. बोइंग इंडिया डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ यह करार भारत में ही होगा. इससे देश के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया विजन को एक बहुत बड़ा बूस्ट मिलेगा. भारत अब हर तरह के खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**445 करोड़ में रूस से मिला एयर डिफेंस सिस्टम:** भारतीय सेना को अब टुंगुस्का एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम मिलेगा. इसके लिए रूस की कंपनी के साथ 445 करोड़ रुपए का बड़ा एग्रीमेंट साइन हुआ है. यह आधुनिक मिसाइल सिस्टम भारत की एयर डिफेंस पावर को कई गुना बढ़ा देगा. दुश्मन का कोई भी विमान, ड्रोन या क्रूज मिसाइल अब भारत की सीमा में घुस नहीं पाएगा. इससे रूस और भारत का रक्षा सहयोग भी और ज्यादा मजबूत हुआ है। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए भी बड़ा कदम उठाया गया है. नौसेना के P8I विमान की जांच और मेंटेनेंस के लिए एक अहम समझौता हुआ है. यह एग्रीमेंट 413 करोड़ रुपए में बोइंग इंडिया डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साइन किया गया है. यह काम पूरी तरह से भारत में ही किया जाएगा।

## उत्तराखंड में बड़ा सियासी उलटफेर, गांधी परिवार के लिए जहर उगलने वाले नेताजी की भी हुई वापसी

लोक तंत्र की आवाज़



**विशेष संवाददाता**
**देहरादून।** उत्तराखंड में राजनीतिक वनवास झेल रही कांग्रेस ने तीन पूर्व विधायकों को अपने पाले में भले ही खींच लिया हो, लेकिन पुराने रिश्तों और बदले समीकरणों की चर्चा तेज हो गई है। कभी समर्थन, कभी विरोध के बीच अब सवाल भी उठ रहे हैं कि राजनीतिक खिचड़ी कैसे पकेगी।

विशेषकर, पूर्व विधायक भीमलाल आर्य की कांग्रेस में वापसी ने पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के साथ उनके संबंधों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में सभी की जुबां पर यही बात है कि हरदा क्या आर्य के साथ पुरानी कड़वाहट को भुला पाएंगे। यही नहीं, कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का भाजपा में रहने के दौरान रुद्रपुर में हुई जनसभा का एक पुराना वीडियो भी इंटरनेट मीडिया में तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिसमें वह गांधी परिवार के खिलाफ विषवमन कर रहे हैं।

**आर्य ने रावत के खिलाफ खोला था मोर्चा:** पहले बात पूर्व विधायक भीमलाल आर्य की। हरीश रावत सरकार के समय वर्ष 2016 में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के दौरान आर्य ने भाजपा से बगावत कर हरीश रावत सरकार का खुलकर समर्थन किया था और अपनी विधायकी तक दांव पर लगाने की बात कही थी। उस समय दोनों नेताओं के बीच नजदीकी साफ नजर आई थी। हालांकि, कुछ ही महीनों बाद समीकरण बदले और आर्य ने रावत के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया। अगस्त 2016 में उन्होंने अपने क्षेत्र घनसाली की मांगों को लेकर रावत के आवास के बाहर धरना तक दिया और उन्हें विकास का कातिल तक कह दिया था। इससे आर्य और हरदा के रिश्तों में गहरी तल्खी ला दी थी।

**अपने करीबी को पार्टी में शामिल करना चाहते थे रावत:** चर्चा यह भी है कि हरीश रावत अपने एक करीबी को पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन प्रदेश स्तर के नेताओं के बीच सहमति नहीं बनी। बताया जा रहा है कि हरीश रावत इससे खुश नहीं है। राजनीतिक कार्यक्रमों से दूरी को इससे जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी इंटरनेट मीडिया में चर्चा के केंद्र में हैं। एक दौर में वह कांग्रेस और गांधी परिवार पर सियासी हमले बोलने में पीछे नहीं रहे हैं।

## ममता बनर्जी का BJP पर बड़ा हमला: "सत्ता में आई तो नॉन-वेज पर लग सकता है बैन

लोक तंत्र की आवाज़



**पुरूलिया।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा हमला बोला है. ममता बनर्जी ने रविवार को पुरुलिया में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर राज्य में बीजेपी सत्ता में आई तो नॉन-वेज नहीं खाने देगी. मछली खाने पर बैन लगा दिया जाएगा. दूसरी नॉनवेज चीजों को भी बंद करा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर बंगाल में BJP सत्ता में आई, तो वह 'लक्ष्मी भंडार' योजना बंद कर देगी. इसके अलावा अन्य योजनाओं को भी बंद कर देगी. ममता ने कहा कि बीजेपी बंगाल जीतने के लिए सभी तरह के प्रयास कर रही है. चुनाव से पहले SIR के जरिए 1.2 करोड़ वोटरों के नाम हटा दिए गए. ममता ने आरोप लगाया कि बीजेपी उन्हें और उनकी पार्टी के लोगों को हर तरह से परेशान कर रही है. इसके बाद भी बीजेपी बंगाल चुनाव हारेगी. इसके लिए बंगाल की जनता को एकजुट होना होगा. ममता ने कहा कि बंगाल के लोग बीजेपी को जवाब देंगे।

**हर नागरिक के अधिकारों और गरिमा की रक्षा की जाए:** रैली को संबोधित करने से पहले ममता बनर्जी ने पुरुलिया में जैन मंदिर पहुंची और प्रार्थना की. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे पुरुलिया में जैन मंदिर जाने का सौभाग्य मिला, जहां मैंने इस धरती पर रहने वाली हर आत्मा के स्वास्थ्य, शांति और कल्याण के लिए प्रार्थना की. उन पवित्र क्षणों में, मेरे हृदय में सबसे ऊपर एक ही प्रार्थना थी कि बंगाल के लोग सुरक्षित और स्नेहपूर्ण हाथों में रहें; कि हम एकता, एकजुटता और समावेशिता के मार्ग पर मिलकर आगे बढ़ें. हर नागरिक के अधिकारों और गरिमा को सदैव बनाए रखा जाए और उनकी रक्षा की जाए। ममता बनर्जी ने आगे लिखा, वहां एकत्रित समुदाय के साथ मेरी बातचीत अत्यंत समृद्ध और सार्थक रही. मुझे यह बताते हुए भी हर्ष हो रहा है कि हमारी सरकार ने एक 'जैन मानस्तंभ' की स्थापना की है और 'न्यू टाउन' में एक जैन मंदिर के निर्माण के लिए 5 एकड़ भूमि आवंटित की है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भारत विकास परिषद ने सेवा शिविर का आयोजन कर की राम भक्तों की सहायता



**नवादा।** सीभारत विकास परिषद, शाखा नवादा द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर नवादा लाल चौक में सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल एवं मीठा शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र कुमार सोनी ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे पावन अवसरों पर सेवा कार्य करना ही सच्ची समाज सेवा है। इस दौरान परिषद के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई और श्रद्धालुओं की सेवा में सक्रिय भूमिका अदा की। शिविर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भारत विकास परिषद के इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में शोभा यात्रा में शामिल लोगों को राहत प्रदान करना एवं सेवा भाव को बढ़ावा देना रहा। भारत विकास परिषद प्रत्येक वर्ष रामनवमी शोभा यात्रा में सेवा का कार्य करते आया है और आगे भी सेवा का कार्य करते रहेगा । इस सेवा शिविर में प्रांतीय संगठन मंत्री मुन्ना प्रसाद , प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉक्टर मनोज बरनवाल , सचिव राजेंद्र प्रसाद , मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता , सत्येंद्र प्रसाद , विनय अग्रवाल , नवीन बरनवाल , बिपिन कुमार , अजय बरनवाल , मुरारी प्रसाद , डॉक्टर सुनील कुमार , भोला प्रसाद , केपी मगहिया , पवन कुमार , सतीश कुमार ,अनूप प्रसाद , बलराम प्रसाद इत्यादि सदस्य का अहम योगदान रहा । अंत में परिषद के पदाधिकारियों ने सभी सहयोगियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

### सब्जी विक्रेता की बेटी माही बनीं कौआकोल प्रखंड टॉपर, सुजीत को दूसरा स्थान





**कौआकोल।** रविवार को बिहार मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही कौआकोल प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। कौआकोल बाजार के सब्जी विक्रेता संजय लाल की पुत्री माही ने 477 अंक प्राप्त कर प्रखंड में प्रथम और जिले में 7वां स्थान हासिल किया है। वहीं तरौन गांव के मजदूर गुड्डू शर्मा के पुत्र सुजीत ने 471 अंक लाकर प्रखंड में दूसरा स्थान पाया है। दोनों विद्यार्थी उच्च विद्यालय कौआकोल के छात्र हैं और उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ-साथ ब्राइट फ्यूचर एकेडमी कौआकोल के विक्की सर और गोलू सर के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। इन बच्चों की सफलता यह बताती है कि अगर इरादे मजबूत हों,तो गरीबी लक्ष्य के बीच में कभी नहीं आती। इन दोनों बच्चों की सफलता पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय महुलियाटांड़ के छात्र सचिन कुमार,पिता-श्रवण पण्डित ने 470 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### भक्तिमय माहौल में कौआकोल में मां चैती दुर्गा की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**कौआकोल।** कौआकोल मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंडप में स्थापित मां चैती दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन शनिवार की देर रात्रि को पूरे विधि-विधान और भारी मन से किया गया। नौ दिनों के भव्य आयोजन के बाद दसवें दिन जब मां की विदाई की घड़ी आई,तो वहां मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। विसर्जन से पूर्व महिलाओं ने मंगलगान कर मां से सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। इस दरम्यान माता के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। वहीं विसर्जन के दौरान स्थानीय प्रशासन और पूजा समिति के सदस्य पूरी तरह मुस्तैद दिखे। जैसे ही प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया गया,श्रद्धालुओं का उत्साह और दुख का मिला-जुला संगम देखने को मिला। पूजा समिति के सदस्य अजित कुमार वर्मा ने बताया कि चैती नवरात्र के दौरान क्षेत्र का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। भक्तों ने मां से अगले वर्ष पुनः जल्दी आने की प्रार्थना की।

# होल्डिंग सत्यापन व राजस्व वसूली को लेकर नगर पंचायत रजौली सख्त,31 मार्च तक लक्ष्य पूरा करने का निर्देश



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** नगर पंचायत रजौली द्वारा होल्डिंग सत्यापन एवं राजस्व संग्रहण को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। कार्यालय से प्राप्त आदेश के माध्यम से सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को 31 मार्च 2026 तक निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नगर क्षेत्र में बिजली कनेक्शन की तुलना में होल्डिंग की संख्या काफी कम पाई गई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि कई आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों का अब तक होल्डिंग पंजीकरण नहीं हुआ है। विभागीय समीक्षा में यह स्थिति गंभीर मानी गई है। कार्यालय द्वारा निर्देश दिया गया है कि छूटे हुए होल्डिंग का सर्वेक्षण कर डोर-टू-डोर जांच की जाए तथा नियमानुसार होल्डिंग टैक्स निर्धारण कर वसूली सुनिश्चित की जाए। सभी वार्ड वार कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य की पूर्ति करने को कहा गया है। साथ ही, विभागीय अधिसूचना के आलोक में लंबित संपत्ति कर के भुगतान को सरल बनाने तथा निर्धारित अवधि तक ब्याज एवं जुर्माना में छूट का लाभ उठाने के लिए आम नागरिकों से भी अपील की गई है। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लक्ष्य पूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**नगरवासियों से कार्यपालक पदाधिकारी की अपील:** इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन ने सभी संबंधित कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही बताया कि होल्डिंग टैक्स नहीं देने वाले नगरवासी को 31 मार्च तक कोई जुर्माना राशि एवं ब्याज नहीं लगेगा। यह सुविधा सरकार द्वारा निर्देशित वन टाइम सेटलमेंट के जरिए दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कॉमर्शियल भवनों के 80 प्रतिशत एवं निजी भवनों के 70 प्रतिशत भू-भाग पर टैक्स लिया जा रहा है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि जल्द से जल्द अपना होल्डिंग टैक्स जमा करके अन्य शुल्कों से बचें।

## शिक्षक के पुत्र ने बिहार टॉप टेन में बनाया स्थान



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के दत्तरौल गांव निवासी एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरकट्टी के शिक्षक मो. मेराज आलम एवं किसान सलाहकार तमन्ना प्रवीण के पुत्र काशिफ नावेद ने मैटिक की परीक्षा में 481 अंक लाकर बिहार में दसवां स्थान प्राप्त किया है। उसने सूबे में अपना स्थान बनाकर जिले एवं प्रखण्ड का नाम रौशन किया है। इंटर विद्यालय पकरीबरावां का छात्र काशिफ नावेद ने बताया कि वह नियमित रूप से सरकारी विद्यालय गया। सरकारी विद्यालय में शिक्षक कुंदन कुमार ने उसे मार्गदर्शन दिया। उनके मार्गदर्शन में उसने तैयारी शुरू की। विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों का पूरा सहयोग मिला। उसने शुरू में ही बिहार में टॉप आने का लक्ष्य निर्धारित किया एवं उसके अनुरूप मेहनत शुरू कर दी। औसतन वह सात से आठ घण्टे की पढ़ाई किया। विद्यालय से आने के बाद वह घर पर पढ़ाई किया करता था। उसने एनसीईआरटी की पुस्तकों का गहन अध्ययन किया। जहां भी जरूरत महसूस हुई शिक्षकों ने मदद की। बताया कि जबतक टॉपिक पूरी तरह से समाप्त नहीं हो जाता, तबतक जलपान नहीं करता। उसे ही यह प्रेरणा उसकी बहन से मिली। उसकी बहन कुर्तुल ऐन शावेज ने वर्ष 2025 की मैट्रिक परीक्षा में 462 अंक प्राप्त की। काशिफ नावेद अपनी बहन से ज्यादा अंक पाने के लिए मेहनत शुरू की और उसे कामयाबी मिली। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं परिवार के लोगों को दिया है। वह पहले आईआईटी करना चाहता है। आईआईटी को ही आधार बनाकर यूपीएससी करने की चाहत रखता है। उसने बताया कि कम अंक पाने वालों को निराश नहीं होना चाहिए बल्कि मेहनत और तेज कर दें कामयाबी निश्चित रूप से मिलेगी। उसकी सफलता पर विद्यालय एवं उसके गांव दत्तरौल में खुशी का माहौल है। उसकी सफलता पर दत्तरौल पैक्स के अध्यक्ष श्रवण कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता मो.अबूतलहा उर्फ भोला सहित इंटर विद्यालय पकरीबरावां के शिक्षकों ने उसे बधाई दी है। गौरतलब है कि इंटर में भी इंटर विद्यालय पकरीबरावां की श्रेया कुमारी कॉमर्स संकाय में सूबे में चतुर्थ टॉपर रही। वहीं मैट्रिक में काशिफ जावेद ने सूबे में दसवां स्थान लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है।

## मैट्रिक में मनीष और सतीश ने टॉप-टेन में बनाई जगह, नरहट प्रखंड का नाम किया रोशन

लोक तंत्र की आवाज

**नरहट।** बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में नरहट प्रखंड के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गंगटा गांव निवासी स्वर्गीय राजेंद्र यादव के पुत्र मनीष कुमार ने 484 अंक प्राप्त कर टॉप-टेन में स्थान हासिल किया। वहीं सहगाजीपुर गांव निवासी संजय सिंह एवं रूबी देवी के पुत्र सतीश कुमार ने 482 अंक लाकर टॉप-टेन में अपनी जगह बनाई। सतीश कुमार के चाचा एवं उपमुखिया पंकज सिंह ने बताया कि सतीश बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि का रहा है। सतीश ने आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए नीट की तैयारी करने की इच्छा जताई है। अपनी सफलता का श्रेय सतीश ने अपने शिक्षक म्यांक कुमार तथा जमुआरा विद्यालय के सभी शिक्षकों को दिया है। इसके अलावा, बाजितपुर गांव निवासी फूल कुमारी एवं शिवशंकर चौधरी की पुत्री पुष्पा कुमारी ने 401 अंक प्राप्त किए हैं। उनकी माता जीविका में कम्युनिटी मोबिलाइज़र के पद पर कार्यरत हैं। गंगटा गांव के ही सुनीता देवी एवं शिवरतन चौधरी के पुत्र मनीष चौधरी ने 478 अंक प्राप्त किए। वहीं, इसी गांव के विजय कुमार के पुत्र मनीष कुमार ने भी 478 अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है और लोगों ने सभी सफल छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## पटवा बुनकर आरोग्य ट्रस्ट की जनसेवा सराहनीय, स्वास्थ्य शिविर व निःशुल्क उपचार से मिल रहा आमजन को लाभ

लोकतंत्र की आवाज



**मानपुर (गया)** स्थित पटवा बुनकर आरोग्य ट्रस्ट द्वारा जनहित में किए जा रहे सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक हैं। प्रत्येक रविवार को आयोजित निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं दवा वितरण के माध्यम से ट्रस्ट न केवल मानपुर क्षेत्र, बल्कि आसपास के दूर-दराज़ इलाकों के जरूरतमंद लोगों को भी निरंतर स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराना ट्रस्ट की सेवा भावना और सामाजिक समर्पण को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। कोरोना काल जैसे कठिन समय में भी ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा किया गया योगदान अत्यंत प्रशंसनीय रहा है, जिससे यह संस्था समाज के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है। उपाध्यक्ष, जिला नागरिक परिषद (बिहार सरकार, मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा गठित परिषद) श्री प्रकाश राम पटवा ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों, सक्रिय सदस्यों एवं समर्पित चिकित्सक दल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विशेष रूप से ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य श्री सूरज कुमार के सेवा समर्पण एवं मानव कल्याण हेतु किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि ''मानव सेवा ही सच्ची सेवा है'' के आदर्श को साकार करते हुए ट्रस्ट समाज में एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के कार्यों में निरंतर अग्रसर रहने की अपेक्षा व्यक्त की।

## मैट्रिक परीक्षा में रजौली की कोमल ने जिले में चौथा व हसनैन ने पाया पांचवां स्थान,परिजनों में खुशी



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** बिहार बोर्ड द्वारा रविवार को मैट्रिक 2026 की परीक्षा के परिणाम की घोषणा किए जाने के बाद रजौली क्षेत्र के मेधावी छात्रों में अपने-अपने परिणाम देखने की होड़ मच गई। हालांकि टेक्निकल एरर के कारण परिणाम देखने में लोगों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। परिणाम के घोषणा के नवादा जिले के टॉप-10 लिस्ट में रजौली की एक छात्रा एवं एक छात्र शामिल है। रजौली नगर पंचायत क्षेत्र के जगदीश मार्केट निवासी सुजीत कुमार व नीलम देवी वर्णवाल की पुत्री कोमल कुमारी ने 500 अंकों में 480 अंक लाकर चौथा स्थान प्राप्त की। कोमल के पिता रजौली में ही किराना दुकान से अपने परिवार का परवरिश कर रहे हैं एवं माता गृहणी है। कोमल के माता-पिता ने बताया कि उनके दो पुत्र और एक मात्र पुत्री है। उनकी पुत्री बचपन से पढ़ने में काफी तेज थी और मैट्रिक के परिणाम से पूरा परिवार खुश है। परिजनों ने कहा कि मेरी बेटी जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती है,उसे हमलोगों से पूरा सहयोग मिलेगा। वहीं कोमल ने बताई कि वह यूपीएससी की परीक्षा को पास करके जनसेवा में जुड़ना चाहती है। साथ ही कही कि उसके सफलता के पीछे माता-पिता के अलावे प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार समेत अन्य शिक्षकों का हाथ है। वहीं महसई मोहल्ला निवासी कौशर अली के पुत्र हसनैन आलम ने 479 अंक लाकर जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। हसनैन ने बताया कि उनके पिता कपड़े सीने का काम करते हैं और उन्हें मामू घर से पढ़ाई हेतु काफी सहयोग मिला है। हसनैन ने भविष्य में इंजीनियर बनने की इच्छा जताई है। मैट्रिक के परिणाम के घोषणा के बाद सफल छात्र व छात्रा के परिजन एवं पड़ोसियों ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रधानमंत्री के ओजस्वी विचार जन-जन तक एक सकारात्मक संदेश पहुंचाते हैं: डा मनीष पकंज मिश्रा



लोकतंत्र की आवाज

**गया जी।** भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय, बूथ संख्या 236 पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बातके 132वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को गंभीरता से सुना और उनसे प्रेरणा ग्रहण की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी जी ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में खाड़ी क्षेत्र से जुड़े घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए शांति और कूटनीति के महत्व पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने खेलों के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि की सराहना की और कहा कि खेल न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंनेआत्मनिर्भरता, नवाचार और सामाजिक एकता जैसे विषयों पर भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के उपरांत भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के ओजस्वी विचार जन-जन तक एक सकारात्मक संदेश पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि ''मन की बात'' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने और जागरूक करने का सशक्त माध्यम है, जो समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। आज मन की बात सुनने वाले प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,संतोष ठाकुर,गोपाल प्रसाद यादव,राणा रंजीत सिंह,हीरा यादव,अभिषेक कुमार,शेखर कुमार,मंटू कुमार,कुंदन सिंह,बबलू गुप्ता,महेश यादव।

## भगवान राम सीता की आकर्षक झांकी के साथ निकली रामनवमी जुलूस ,जय श्रीराम के जयघोषों से गुंजा शहर

लोक तंत्र की आवाज

**नवादा।** नवादा नगर में रविवार को भव्य रामनवमी जुलूस का आयोजन किया गया। नवादा नगर के 9 स्थानों से आकर्षक भगवान श्रीराम ,मां जानकी और भाई लक्ष्मण तथा भक्त हनुमान की झांकियां के साथ रामनवमी जुलूस निकाले गए। न्यू एरिया जुलूस का नेतृत्व शिक्षाविद डॉक्टर अनुज सिंह कर रहे थे।

रथों पर सवार भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी के साथ घोड़े ,हाथियों से लैस जुलूस में जय श्रीराम के जय घोष गूंज रहे थे ।जुलूस नवादा के न्यू एरिया दुर्गा मंडप, पुरानी बाजार, रामनगर दुर्गा मंडप ,मिर्जापुर दुर्गा मंडप ,कन्हाई नगर दुर्गा मंडप से बैंड बाजो के साथ जुलूस निकाले गए थे ।हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के नाम की जय घोष कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया ।भीड़ को नियंत्रित करने नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश ,एसपी अभिनव धीमान तथा सदर एसडीओ अमित अनुराग सुरक्षा बलों के साथ सक्रिय दिखे ।शिक्षाविद डॉ अनुज सिंह ने कहा कि सनातन धर्म के लिए यह जुलूस जरूरी है। जिससे समाज में धार्मिकता का विकास होगा ।9 जगहों पर सेवा शिविर का आयोजन किया गया था ।जिसमें राम भक्तों को शीतल जल, शरबत आदि पिलाये जा रहे थे ।सेवा शिविरों में प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। जुलूस नवादा नगर के विभिन्न सड़कों से घूमते हुए अनुसार नगर पेट्रोल पंप के निकट हनुमान मंदिर से वापस लौटकर अपने-अपने गंतव्य को प्रस्थान कर गए। अंसार नगर मोहल्ले में कोई अनहोनी ना हो जाए इसके लिए जिला प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए थे।





## पकरीबरावा : जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा पकरीबरावां, निकली भव्य शोभायात्रा

लोकतंत्र की आवाज



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** प्रखंड पकरीबरावा में रामनवमी के पावन अवसर पर पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कीशुरुआत थाना रोड स्थित श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद की गई। यह शोभायात्रा मोहन बीघा, मुख्य बाजार, खपुरा मोड़ होते हुए राइस मोड़ पहुंची और अंत में देवी स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुई।जुलूस में शामिल आकर्षक झांकियां लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। सुसज्जित रथ पर सवार प्रभु श्रीराम, माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण एवं रामभक्त हनुमान की जीवंत झांकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा घोड़ों पर सवार युवकों द्वारा भगवा ध्वज एवं पारंपरिक हथियारों के साथ प्रस्तुत झांकियां भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रहीं।ढोल-नगाड़ों और बाजे-गाजे के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में ''जय श्रीराम'' के गगनभेदी उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया शोभायात्रा में बड़ी संख्या मेंमहिलाएं, युवक एवं बच्चे शामिल हुए। रास्ते भर श्रद्धालुओं द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया।सुरक्षा केमद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा पूरे मार्ग पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।शोभायात्रा को सफल बनाने में समिति के सदस्य सक्रिय रहे। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार, शंभू पांडेय, विजय कृष्ण, विभूति कुमार, निखिल कुमार सहित अन्य सदस्य व्यवस्था में मुस्तैदी से जुटे रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नव नियुक्त कोतवाल का किया गया स्वागत



**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
**देवबंद:** सामाजिक कार्यकर्ता मुकीम अंसारी स्वतंत्र पत्रकार साईम सिद्दीकी ने आज नव नियुक्त देवबंद कोतवाली प्रभारी रोजंत त्यागी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने रोजंत त्यागी को देवबंद कोतवाली का कार्यभार संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान मुकीम अंसारी ने कहा कि देवबंद एक सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र है, जहां सभी वर्गों के लोगों के बीच सामंजस्य बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कोतवाली प्रभारी रोजंत त्यागी अपने अनुभव, निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करेंगे तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ समान न्याय सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर त्यागी ने भी समाज के सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करेंगे तथा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### देवबंद रेलवे स्टेशन पर हादसा शालीमार ट्रेन से उतरते समय 48 वर्षीय व्यक्ति घायल



**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
देवबंद रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक हादसा हो गया जिसमें एक व्यक्ति शालीमार ट्रेन से उतरते समय घायल हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय शिवकुमार चौधरी पुत्र यशपाल चौधरी निवासी ग्राम रेता नगला थाना छपार मेरठ से देवबंद लौट रहे थे बताया गया है कि जैसे ही ट्रेन देवबंद रेलवे स्टेशन पर पहुंची शिवकुमार चौधरी बाई ओर उतरने का प्रयास कर रहे थे तभी उनका पैर फिसल गया और वह गिरकर घायल हो गए घटना के बाद मौके पर मौजूद मनोज शर्मा (निवासी मोहल्ला नेचलगढ़ ) तथा अन्य लोगों ने तत्परता दिखाते हुएं उन्हें रेलवे ट्रैक से उठाकर प्लेटफार्म पर सुरक्षित बैठाया इसके बाद सूचना पर पहुंचे रेलवे सुरक्षा बल (फ्ष्ऋ) के हेड कास्टेबल जीतपाल सिंह ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवबंद में भर्ती कराया जहां पर रात्रि ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा डॉक्टर आशुतोष ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल को अस्पताल से छुट्टी दे दी

### शादी कराने का झांसा देकर युवक को बुलाया, बंधक बना सिर मुंडवाया, दो गिरफ्तार

**रत्ना**
**लखनऊ।** शादी कराने का झांसा देकर एक युवक को बुलाने के बाद युवती के रिश्तेदारों ने उसे दोस्तों सहित बंधक बना लिया। मारपीट कर नकदी एवं आभूषण लूटने के बाद अपमानित करने के लिए युवक एवं दोस्तों का सिर मुंडवा दिया। यह घटना नत्थन का पुरवा गांव की है। भुक्तभोगी युवक गोंडा जिले के रहने वाले हैं। युवक की तहरीर पर 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गोंडा निवासी एक युवक का उसी जिले की रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। गत दिनों युवती तारुन के नथनपुर खपरैला स्थित ननिहाल आई थी। युवती के ननिहाल वालों को उसके प्रेम प्रसंग की बात का बता चला तो उन्होंने युवक को कोर्ट मैरिज कराने के लिए उससे संपत्ति युवती के नाम करने के लिए कहा युवक ने अपने घरवालों से बात करने की मोहलत मांगी। इसके बाद वह दोस्तों सहित वहां से चला गया। गत 21 मार्च आरोपितों ने पुनः युवक को फोन किया और कहाकि वह आकर युवती से कोर्ट मैरिज कर लें। विपक्षियों के झांसे में आकर युवक अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ कार से नथनपुर पहुंच गया।

# बिजनौर चांदपुर में खाद्य विभाग का बड़ा छापा,रेस्टोरेंट में घरेलू गैस के दुरुपयोग पर एक्शन

लोकतंत्र की आवाज





**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
चांदपुर, नगर में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार को बड़ा हंटर चलाया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी और पूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम ने शहर के आधा दर्जन से अधिक नामचीन प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की, जिससे दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। कार्रवाई के दौरान भारी अनियमितता पाए जाने पर सिलेंडरों को जब्त किया गया है। प्रमुख प्रतिष्ठानों पर सर्जिकल स्ट्राइक शनिवार, 28 मार्च 2026 को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आशाराम पाल एवं पूर्ति निरीक्षक पंकज कुमार के नेतृत्व में विभाग ने नगर के हृदय स्थल पर स्थित व्यापारिक केंद्रों की घेराबंदी की। टीम ने क्वालिटी स्वीट्स, न्यू क्वालिटी स्वीट्स और चिली चाइनीज रेस्टोरेंट समेत आधे दर्जन से अधिक दुकानों पर औचक दस्तक दी। विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार शटर गिराकर खिसकने की फिराक में दिखे। चिली चाइनीज रेस्टोरेंट पर गिरा गाज जांच के दौरान टीम जब चिली चाइनीज रेस्टोरेंट पहुंची, तो वहां खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। व्यावसायिक कार्य के लिए सस्ते घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा था। टीम ने मौके से 02 घरेलू सिलेंडर बरामद किए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से अधिगृहित सीज कर लिया गया। घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक इस्तेमाल न केवल अवैध है, बल्कि यह आम उपभोक्ताओं के हक पर डाका डालने जैसा है। ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। आशाराम पाल, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने दी दुकानदारों को चेतावनी।पूर्ति निरीक्षक पंकज कुमार ने स्पष्ट किया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को केवल कमर्शियल सिलेंडर नीले रंग केका ही उपयोग करना चाहिए। पकड़े गए प्रतिष्ठान के विरुद्ध विधिक कार्यवाही संपादित की जा रही है। प्रशासन की इस सख्त रुख से साफ है कि अब नियमों की अनदेखी करने वाले व्यापारियों की खैर नहीं है।

# उत्तर प्रदेश का मुसलमान भ्रम खत्म कर नई राजनीति की बिसात बिछाए, सपा सरकार नहीं बना रही है : संजय गुर्जर



लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
देवबंद भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पीडीएमएम गठबंधन के प्रमुख संजय गुर्जर ने पत्रकारों को दिए बयान में कहा है कि उत्तर प्रदेश में जनता को तीसरे विकल्प की तरफ सोचना चाहिए और खासकर मुस्लिम समाज तीसरे विकल्प पर विचार करे। समाजवादी पार्टी सरकार नहीं बना रही है क्योंकि उसके पास में न तो कोई मजबूत विकल्प है न मजबूत आधार है। उनके कुछ नेता गैर राजनीतिक और गैर ज़िम्मेदाराना बयान देते रहते हैं जिससे गैर मुस्लिम पूरी तरह से कट चुका है। जो लोग 2012 का सपना देख रहे हैं उनको यह समझ लेना चाहिए कि उस समय राजनीतिक परिस्थितियां कुछ और थी और जनता के पास कोई विकल्प नहीं था इसलिए उत्तर प्रदेश के लोगों को अगर बीजेपी की गलत नीतियों से और सरकार से छुटकारा पाना है तो तीसरे विकल्प की तरफ जाना होगा। समाजवादी पार्टी केवल सैफई तक सिमट कर रह गई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड में और उत्तर प्रदेश में यादव लीडरशिप को इन लोगों ने पूरी तरह से खत्म कर दिया है और यह नहीं चाहते कि उनके परिवार और इनके अलावा यादव समाज के लोग किसी अन्य दल या अन्य राजनीतिक पार्टी से बड़ी लीडरशिप में शामिल हों। मुस्लिम समाज को आजम खान,एसटी हसन जैसे नेताओं के अपमान को भी नहीं भूलना चाहिए। अप्रैल से गोरखपुर से लेकर दिल्ली तक की पदयात्रा के लिए जल्द ही बड़ी मीटिंग आयोजित की जाएंगी और सभी समाजों के लोगों को जोड़कर एक मजबूत संदेश देने का कार्य किया जाएगा।

## 11 केवी केबल चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट रोहित कुमार**
**बढ़ापुर।** पुलिस ने 11 केवी विद्युत केबल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के सामान की बिक्री से प्राप्त 10 हजार रुपये नकद भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, चार दिन पूर्व 33/11 केवी उपकेंद्र बढ़ापुर से जुड़े कर्मचारी शाजिम हसन ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि अमरोहा जनपद के थाना रजबपुर क्षेत्र के ग्राम तसिया मिलक उर्फ मढैयो निवासी सोनू, शिवम और राहुल द्वारा करीब 700 मीटर एवी केबल और विद्युत सामग्री चोरी कर ली गई थी। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी शिवम पुत्र भोजराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से चोरी की सामग्री बेचकर प्राप्त 10 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

# बिजनौर सड़क हादसे में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभात चंद गुप्ता गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**
नगीना सड़क हादसे में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभात चंद गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर बाइक सहित फरार हो गया। स्थानीय मोहल्ला सरायमीर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पालिका परिषद के पूर्वअधक्ष प्रभात चंद गुप्ता 80 वर्ष शुक्रवार की शाम 6-30 बजे करीब बाइक मे तेल डलवाने के लिए नेशनलह हाईवे 74 रामलीला मोड़ के नकट स्थित पेट्रोल पंप जा रहे थे जब वह गोयल पब्लिक इंटर कॉलेज के निकट पहुंचे तभी सामने से तीव्र गति से आ रहा बाइक सवार ने है नियंत्रित होकर भाजपा नेता प्रभात चंद गुप्ता टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरने से उनके एक पैर फैक्चर होने से हड्डी टूट कर बाहर निकल आई घटना को देख आसपास के लोगों ने गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता को पास ही हड्डी रोग विशेषज्ञ प्राइवेट चिकित्सक के अस्ताल में भर्ती कराया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना जंगलम आग की तरह फैल गई और परिजनों के साथ-साथा भाजपा नेता कर्यकर्ताओं एवं रष्टीय स्वयं सेवक संघ के लोग भी भाजपा नेता का हाल-चाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे और हाल-चाल जाना।

# बिजनौर मौज्जमपुर चौकी क्षेत्र में जोरों पर अवैध खनन जारी रात के अंधेरे में दौड़ रहे मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट पायल कुमारी**
मौज्जमपुर चौकी क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार लगातार जारी है। प्रदेश सरकार द्वारा खनन पर रोक के बावजूद रात के समय मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली धड़ल्ले से दौड़ते देखे जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह अवैध गतिविधि खुलेआम चल रही है, जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संकरी सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते ये वाहन कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि यह अवैध खनन मौज्जमपुर चौकी प्रभारी के संरक्षण में संचालित हो रहा है और उनकी जानकारी में होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।प्रदेश सरकार ने अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन मौज्जमपुर चौकी स्तर पर इन आदेशों की अनदेखी स्पष्ट दिख रही है। मुख्यमंत्री के निदेर्शों के बावजूद, चौकी प्रभारी द्वारा पत्रकारों के फोन का जवाब न देना भी कई सवाल खड़े कर रहा है।स्थानीय निवासियों में इस मुद्दे को लेकर भारी रोष है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले पर कब संज्ञान लेता है और अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है।

# बड़ा इमामबाडा के माध्यम से 22 गाँव दोआबा, कौशाम्बी के ताजियादारों के नाम ईरानी सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि ने जारी किया सन्देश

लोक तंत्र की अवाज़



**रत्ना**
**लखनऊ।** बड़ा इमामबाडा के माध्यम से 22 गाँव दोआबा, कौशाम्बी के ताजियादारों के नाम ईरानी सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि ने जारी किया सन्देश, और स्वीकार की उनकी सांत्वना आग़ा मीर सैयद अब्बास हुसैन खोरासानी, सरपरस्त, बड़ा इमामबाड़ा, 22 गाँव झ दोआबा, उत्तर प्रदेश नें अजादारों के साथ विगत 19 मार्च, 2026 को भारत में ईरान के सुप्रीम लीडर के विशेष प्रतिनिधि श्री अब्दुल मजीद इलाही से शिष्टाचार भेंट कर की और आयतुल्लाह अल उज़्मा सैयद अली खामेनेई (र०अ०) की शहादत पर दोआबा के अज़ादारों और ताजियादारों की तरफ से सांत्वना प्रस्तुत की, और भारत की तरफ आने वाले जहाज़ों को छोड़ने के लिए धन्यवाद किया। अब्दुल मजीद इलाही ने इस संकट की घड़ी में भारतवासियों के सहयोग हेतु धन्यवाद के साथ 22 गाँव दोआबा, कौशाम्बी के ताजियादारों के लिए विशेष सन्देश जारी किया हैं अपने सन्देश में उन्होंने कहा कि यहाँ के लोगों की प्रकृति चूँकि अन्याय के विरुद्ध और न्याय के समर्थन में खड़े होने की है, इसलिए वे इमाम हुसैन (अ०स०) से मोहब्बत करते हैं, और उनके अजादार हैं यहाँ के लोगों को किसी ने बाहर से आकर अज़ादारी एवं ताजियादारी नहीं सिखाई, बल्कि इमाम हुसैन (अ०स०) की शहादत की खबर पहुँचने के बाद ही भारत में अज़ादारी प्रारंभ हो गयी थी । उल्लेखनीय है कि ईरान और भारत के सम्बन्ध सदियों पुराने हैं साथ ही आग़ा मीर सैयद अब्बास हुसैन खोरासानी ने ईरानी दूतावास में डिप्टी चीफ मोहम्मद जावेद हुसेनी से मुलाक़ात करके सांत्वना ज़ाहिर की, और प्रस्तुत आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार दर्ज किये।

# 'ऑपरेशन सवेरा': थाना बेहट पुलिस ने दो शातिर नशा तस्करों को दबोचा, 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

लोकतंत्र की आवाज़




**साजिद सलमानी**
**सहारनपुर:** डीआईजी अभिषेक सिंह द्वारा मादक पदार्थों व नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी और बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु ''ऑपरेशन सवेरा'' झ ''नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर'' अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु ''ऑपरेशन सवेरा'' के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिह दीक्षित के कुशल नेतृत्व में थाना बेहट पुलिस टीम जिसमें उपनिरीक्षक करन नागर, उपनिरीक्षक अरविन्द तोमर व कांस्टेबल उमंग राठी, कांस्टेबल अभिषेक खोखर ने चेकिंग के दौरान ग्राम बेलका से शाहपुर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर दो शातिर नशा तस्करों, मुकर्रम और अकरम पुत्रगण अकबर, निवासी ग्राम पथरवा को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है, जिसके संबंध में थाना बेहट पर मु0अ0सं0 155/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों का पुराना आपराधिक इतिहास है; मुकर्रम के विरुद्ध गौवध, चोरी और आर्म्स एक्ट के 15 मामले, जबकि अकरम के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे 10 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क के 'फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज' की गहराई से पड़ताल कर रही है ताकि नशे की इस सप्लाई चेन को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। गिरफ्तार अभियुक्तों को वैधानिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पुरानी पेंशन बहाली हेतू जनपद में संगोष्ठी होंगी: कृष्ण कुमार राय

लोकतंत्र की आवाज़



**साजिद सलमानी**
**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी एसोसिएशन सम्बद्ध राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ जीईएनसी भारतीय मजदूर संघ की एक बैठक आगामी कार्यक्रमों हेतु भूतेश्वर इंटर कॉलेज में जनपद के संगठन के पदाधिकारी की हुई जिसकी अध्यक्षता मंडल प्रभारी तरुण भोला एवं संचालन आनंद पुंडीर ने किया। कृष्ण कुमार राय जिला अध्यक्ष ने बताया कि आगामी अप्रैल माह में संगठन का एक कार्यक्रम पुरानी पेंशन बहाली संगोष्ठी एवं जिला अधिवेशन किया जाएगा ,जिसमें जनपद के शिक्षक कर्मचारियों के साथ-साथ प्रदेश एवं अखिल भारतीय पदाधिकारी भी सम्मिलित रहेंगे । संगठन के जिला मंत्री आनंद प्रकाश त्यागी जी ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली ही शिक्षक कर्मचारियों का बुढ़ापे का सहारा है जिसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संगठन आगामी अप्रैल माह में एक संगोष्ठी व जिला अधिवेशन करने जा रहा है, जिसको सफल बनाने का हमारा कर्तव्य होगा। अपनी अध्यक्ष के संबोधन में तरुण भोला जी ने कहा कि हमारा संगठन राष्ट्रवादी संगठन है तथा शिक्षकों कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली हेतु सदा गंभीरता के साथ कार्य करता है अखिल भारतीय मंत्री एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी धर्मेंद्र धवलहर ने आगामी कार्यक्रमों में सभी शिक्षकों कर्मचारियों को हिस्सा लेकर सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आश्वासन प्रदान करते हुए संचालक आनंद पुंडीर जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शिक्षकों कर्मचारियों में संपर्क करने का सुझाव दिया ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अदानी फाउंडेशन की ओर से बच्चों को दिया हाई जंप का गद्दा



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती ।पीरपैंती,अडानी पावर फाउंडेशन के सौजन्य से बाखरपुर, राजगांव एवं कटुआ पहाड़ के बच्चों के बीच खेल–कूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेलने के गद्दों का वितरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का विस्तार हमारे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी देखने लायक थी। अवसर पर इटावा गांव से आए नन्हे साथियों नेविधायक मुरारी पासवान को फल भेंट कर आत्मीय सम्मान दिया। साथ ही उन्होंने आगामी फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु विधायक को आमंत्रण भी दिया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के अधिक से अधिक बच्चों और युवाओं को खेल–कूद से जोड़ा जाए, ताकि वे स्वस्थ रहें और अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व जैसे गुणों का विकास कर सकें। इस अवसर पर पॉवर प्लांट कर्मी मौजूद थे।

### गुमशुदा का मामला दर्ज कराया

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के सलेमपुर पंचायत निवासी गुलशन कुमार ने पीरपैंती थाने में एक आवेदन दिया है। जिसमे गुलशन ने बताया कि 26 मार्च को पत्नी अचानक घर से गायब हो गई है ।हमारी शादी 2021 में हुई थी। पत्नी अंजलि कुमारी घर से पैसा भी लेकर चली गई। मेरा एक छोटा बेटा भी है। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही हैं। वही दूसरी ओर खानपुर निवासी शेख शकील ने अपने बेटे को गायब होने का मामला दर्ज कराया है। शेख शकील ने बताया कि बेटे की दिमागी हालत ठीक नहीं है।

### दसवीं में 453 अंक लाकर मोहम्मद शाहिद आलम ने बढ़ाया बिहपुर का मान

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम



बिहपुर/नवगछिया। रविवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मैट्रिक (दसवीं) का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें बिहपुर प्रखंड के छात्र मोहम्मद शाहिद आलम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 453 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता से परिवार और इलाके में खुशी का माहौल है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद शाहिद आलम, बिहपुर निवासी हैं। वे मधुसूदन सर्वोदय उच्च विद्यालय के छात्र हैं। शाहिद ने अपने मेहनत और लगन के दम पर बेहतर अंक हासिल कर अपने माता–पिता, परिवार और समाज का मान बढ़ाया है। शाहिद के पिता मोहम्मद यूनुस आलम बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता अजमेरी खातून गृहिणी हैं ।शाहिद की सफलता पर परिजनों ने खुशी जताते हुए कहा कि उसने नियमित पढ़ाई और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। परिवार के लोगों ने बताया कि शाहिद शुरू से ही पढ़ाई में रुचि रखते थे और शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। स्थानीय लोगों और मित्रों ने भी शाहिद को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि शाहिद मेहनती और प्रतिभाशाली छात्र हैं तथा आगे भी वे उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। शाहिद ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, शिक्षकों और दोस्तों को दिया है तथा भविष्य में इंजीनियर बनने की इच्छा जताई है।

# प्राकृतिक खेती से ही सुरक्षित भविष्य और आर्थिक समृद्धि संभव : डॉ. पीएस पाण्डेय





लोकतंत्र की आवाज

रामजी कुमार

**पूसा (समस्तीपुर)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के विद्यापति सभागार में रविवार को "प्राकृतिक खेती की स्थिति एवं संभावनाएं" विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी में देशभर के प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं नीति-निर्माताओं ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक, आर्थिक एवं सामाजिक पहलुओं पर व्यापक चर्चा की।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य, विशेषकर युद्ध और अंतरराष्ट्रीय संकटों के कारण उर्वरकों की आपूर्ति और कीमतों में अस्थिरता बढ़ी है। ऐसे समय में प्राकृतिक खेती आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन सकती है।उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती ही किसानों को स्थायी लाभ और सुरक्षित भविष्य दे सकती है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत लगभग शून्य के करीब लाई जा सकती है, जिससे किसानों की शुद्ध आय में वृद्धि होगी। साथ ही, यह पद्धति खाद्यान्न सुरक्षा के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं कृषि महाविद्यालय, खंडवा (मध्य प्रदेश) के पूर्व डीन डॉ. पी. पी. शास्त्री ने मिट्टी के गिरते स्वास्थ्य पर चिंता जताते हुए कहा कि अत्यधिक रासायनिक उपयोग ने मिट्टी की जीवंतता को समाप्त कर दिया है।उन्होंने प्राकृतिक खेती को मिट्टी की उर्वरता बहाल करने और जैव विविधता के संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताया।

वहीं, स्नातकोत्तर कृषि महाविद्यालय (PGCA) के डीन डॉ. मयनक राय ने कहा कि यह संगोष्ठी भविष्य की कृषि नीतियों को दिशा देने में महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने छात्रों और शोधकर्ताओं से प्राकृतिक खेती के तकनीकी एवं आर्थिक पहलुओं पर गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. आर. के. झा ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि आयोजन सचिव डॉ. सत्य प्रकाश ने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन प्राकृतिक खेती से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और इसके वैज्ञानिक आधार को मजबूत करने में सहायक होगा ।संगोष्ठी के तकनीकी सत्रों में डॉ. पी.पी. शास्त्री ने 'लीड टॉक' के माध्यम से प्राकृतिक खेती के वैश्विक मॉडल्स पर विस्तार से चर्चा की, वहीं डॉ. आर.के. झा ने 'थीम टॉक' में विस्तार शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार इस तकनीक को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

अंत में विशेषज्ञों ने सर्वसम्मति से माना कि रासायनिक खेती से होने वाले पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान की भरपाई प्राकृतिक खेती के माध्यम से ही संभव है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कृषि छात्र उपस्थित रहे। अंत में डॉ. विनीता सत्पथी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पंकज मिश्रा ने दीप अस्पताल में एक्सक्लूसिव फेको एंड रेटिना सेंटर का किया शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज

**साहिबगंज।** जिला मुख्यालय अंतर्गत आईटीआई कॉलेज के समीप दीप आई हॉस्पिटल में रविवार को एक्सक्लूसिव फेको एंड रेटिना सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएमएम के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा उपस्थित हुए, जबकि विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पंकज मिश्रा एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर पंकज मिश्रा ने कहा कि जिले के लिए यह गर्व की बात है कि दीप हॉस्पिटल में अब आंखों के रेटिना से संबंधित ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे लोगों को आंखों के इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को दूर-दराज जाकर इलाज कराना पड़ता था, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस नई सुविधा से शहर गौरवान्वित होगा और आम जनता को लाभ मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि अभी भी जिला कई क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है, लेकिन आने वाले पांच वर्षों में साहिबगंज में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। हेमंत सरकार के कार्यकाल में शहर में कार्गो एयरपोर्ट निर्माण की योजना है, जिसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। मुख्यमंत्री से मिलकर साहिबगंज में एक आई हॉस्पिटल खुलवाना भी उनका लक्ष्य रहेगा।

पंकज मिश्रा ने कहा कि सदर अस्पताल साहिबगंज में वर्तमान में निजी अस्पताल जैसी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है और मरीजों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं। साथ ही साहिबगंज में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की प्रक्रिया चल रही है, जिसके लिए जल्द जमीन चिन्हित कर शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दीप आई हॉस्पिटल के प्रबंधक को कस्बा क्षेत्र में अस्पताल खोलने हेतु राज्य सरकार की ओर से सहयोग दिलाया जाएगा तथा जमीन उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बरहेट में हर वर्ष 250 लोगों के आंखों का ऑपरेशन किया जाता है।

इस अवसर पर प्रो. डा. राजवर्धन आजाद, डा. सैमुअल अमन टोप्पो, डा. सुजाता विश्वास, डा. पी.एन. कुलदीप, अस्पताल मैनेजर मो. शकील, सामाजिक कार्यकर्ता चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिंहा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## संस्कृत क्षेत्र में नवाचार क्रांति लाने हेतु मिला जिला स्तरीय सम्मान



**लोकतंत्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती /कहलगांव।** प्रखंड के नवाचारी संस्कृत शिक्षक डॉ नयन तिवारी को रविवार को डायट बांका में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में डीपीओ संजय यादव, गुणवत्ता संभाग प्रभारी मनोहर सिंह के द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उन्हें संस्कृत भाषा के विकास व संरक्षण की दिशा में नवाचार क्रांति लाने के लिए सम्मानित किया गया ।वे द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मैकर्स के प्रमंडल मीडिया प्रभारी भी है ।सम्मान समारोह में उन्हें एक सत्र में संचालन करने का भी मौका मिला था। जिसमें वहां भी उन्होंने संस्कृत भाषा को प्रमुखता से रखा ।डायट की व्याख्याता व उपप्रचार्य ममता कुमारी के साथ प्रमंडलीय व जिला टीम ने भी उन्हें स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना भेंट की है।

## सड़क हादसे में चार वर्षीय मासूम की मौत, कोहराम

लोकतंत्र की आवाज़



**साहिबगंज, राजमहल।** झारखंड के साहिबगंज जिला के राजमहल-साहिबगंज फोरलेन पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बुधवरिया गांव के समीप एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से चार वर्षीय मासूम राजकुमार मंडल की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा गया।

**खेलते समय काल बनी तेज रफ्तार बाइकः** मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह करीब 11:30 बजे की है। बुधवरिया गांव निवासी झगड़ू मंडल का चार वर्षीय पुत्र राजकुमार मंडल सड़क के समीप था, तभी एक अनियंत्रित बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद बाइक सवार प्रह्लाद मंडल (निवासी शोभापुर) भी संतुलन खोकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए।

**परिजनों की चीख-पुकार से दहला गांव :** हादसे की खबर मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। अपने मासूम बच्चे का शव देख मां पुष्पा देवी सुध-बुध खो बैठीं और बार-बार बेहोश होने लगीं। वही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिनमें जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश मंडल और पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे, ने मौके पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और प्रशासन से मुआवजे व उचित कार्रवाई की मांग की।

**पुलिस ने शुरू की जांच :** घटना की सूचना मिलते ही राजमहल थाना पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन और थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। घायल बाइक सवार को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया ।

## भाकपा माले की बैठक में संगठनात्मक एवं आंदोलनात्मक का लिया गया निर्णय

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** ताजपुर प्रखंड के सिरसिया वार्ड 13 में भाकपा माले सिरसिया शाखा की बैठक शाखा सचिव राजेश कुमार सहनी की अध्यक्षता, प्रखंड कमिटी सदस्य जीतेंद्र सहनी के पर्यवेक्षण एवं प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह की आतिथ्य में रविवार को संपन्न हुई।

बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं, बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी, राशन-गैस की किल्लत तथा किसानों-मजदूरों की बदहाल स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को अभियान चलाकर लाभ दिलाने का निर्णय समेत 18-19 मार्च को कल्याणपुर के वीरसिंहपुर में आयोजित भाकपा माले का समस्तीपुर जिला सम्मेलन एवं 16-17-18 मई को दरभंगा प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाले भाकपा माले के राज्य सम्मेलन की सफलता हेतु प्रचार-प्रसार करने, कोष संग्रह करने,बकाया सदस्यता शुल्क संग्रह करने, पार्टी एवं पार्टी पत्रिका लोकयुद्ध का नया सदस्यता बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आम जनता महंगाई और सरकारी उपेक्षा से त्रस्त है, जबकि सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीर नहीं दिख रही है। बैठक में आगामी दिनों में जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाने और गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

## हाजीपुर पूरब पंचायत में जेएमएम की पंचायत कमिटी की हुई बैठक





लोकतंत्र की आवाज़

**साहिबगंज।** सदर प्रखंड के हाजीपुर पूरब पंचायत के पटवरटोला में देवदत मण्डल की अध्यक्षता में पंचायत कमिटी की बैठक अयोजित कि गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रखण्ड अध्यक्ष अमरदीप सिंह उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जेएमएम पार्टी की मजबूती पर जोर दिया गया साथ ही ग्रामीणों की आवाज़ बनकर आगे आने के ग्रामीणों की समस्या से रुबरू भी हुए।

बैठक में आए हुए ग्रामीण एवम कार्यकर्ता ने समाज के अंदर कुछ मूलभूत सुविधाओं को सही तरीके से लागू कराने की बात कही। वही कुछ ग्रामीणों ने झारखंड सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना अबुवा आवास योजना को देने की बाते कही, तो कोई शिक्षा में सुधार लाने की बाते कही, इसी प्रकार बिजली, सड़क,स्वाथ्य,नाली को सही कराने की बाते कहते नजर आए।

जिस पर जेएमएम के प्रखण्ड अध्यक्ष अमरदीप सिंह ने कहा कि सभी ग्रामीणों की समस्या के सूचीबद्ध कर लिया किया गया है। मै आप सभी को आस्वत करता हूं कि जल्द से जल्द आप सभी की समस्या का निदान के लिए मै पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से बात करूंगा और समस्या का निदान करवाने का प्रयास करूंगा।

इस बैठक में काफी संख्या में महिला पुरुष शभु कुमार, विजय बहादुर सिंह, भीम मण्डल, महनबाल सिंह, विनोद, विलास अखिलेश सिंह, दिनेश, विवेका , संतोष, आदित्य, एवम निरंजन कुमार उपस्थित थे।

## विभूतिपुर: जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर ज्योति ने विद्यालय का बढ़ाया मान

लोकतंत्र की आवाज



**विभूतिपुर/समस्तीपुर।** प्रखण्ड अंतर्गत राजकीय जेपीएनएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहन की छात्रा ज्योति कुमारी ने 487 अंक प्राप्त कर राज्य में चतुर्थ स्थान तथा समस्तीपुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाई है ।वहीं ज्योति को विभूतिपुर पूरब पंचायत के वार्ड संख्या 16 में चादर,पाग आदि से सम्मानित कर उसके हौसले को अफजाई करने का काम किया गया ।विदित हो कि पिछले साल 2025 में इसी परिवार का छात्र प्रणव कुमार भी राज्य में चतुर्थ स्थान लाकर जेपीएनएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहन का नाम रौशन किया था।

जेपीएनएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहन 2022 से लगातार राज्य स्तर पर परचम लहराता रहा है। विगत वर्ष 2025 में इसी विद्यालय की छात्रा साक्षी कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित की थी। इस तरह की अनवरत सफलता से विद्यालय ने विभूतिपुर प्रखण्ड सहित पूरे जिले को राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार और बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जमाल रोड पटना की ओर से ज्योति कुमारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई है।

## समस्तीपुर : मखाना खेती को मिलेगा बढ़ावा, बिरौली केवीके में किसानों को मिला आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण

लोकतंत्र की आवाज



रामजी कुमार

**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बिरौली द्वारा विश्वविद्यालय के मखाना अनुसंधान एवं विकास उत्कृष्टता केंद्र के प्रायोजन में "मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण तकनीक" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर उन्नत तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ केवीके बिरौली के प्रमुख डॉ. आर.के. तिवारी एवं मखाना अनुसंधान एवं विकास उत्कृष्टता केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ. पुष्पा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर डॉ. पुष्पा सिंह ने मखाना फसल के बढ़ते महत्व, उच्च पोषण मूल्य एवं बिहार, विशेषकर समस्तीपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में इसके विस्तार की अपार संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मखाना किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ निर्यात के लिहाज से भी एक महत्वपूर्ण फसल बनती जा रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. आर.के. तिवारी ने कहा कि केवीके बिरौली किसानों के खेतों पर प्रत्यक्षण (डेमो) एवं नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से वैज्ञानिक तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करेगा। उन्होंने बताया कि मखाना खेती को संगठित एवं व्यावसायिक स्वरूप देने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएंगे, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव होगी।

तकनीकी सत्र में उद्यान विशेषज्ञ डॉ. धीरु कुमार तिवारी ने मखाना उत्पादन की उन्नत तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने तालाब आधारित एवं खेत आधारित खेती के तरीकों, नर्सरी प्रबंधन, रोपण विधि, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति अपनाने से मखाना की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि संभव है। इसके अलावा सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिषेक उपाध्याय ने मखाना खेती में उपयोग होने वाले आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी देते हुए बताया कि यंत्रीकरण से श्रम लागत में कमी और कार्य क्षमता में वृद्धि होती है। वहीं डॉ. कुलविंदर कौर ने मखाना प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विभिन्न उत्पादों के निर्माण से किसानों की आय कई गुना तक बढ़ाई जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान ई. विनिता कश्यप ने ड्रोन तकनीक के उपयोग पर जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से फसल की निगरानी, उर्वरक एवं कीटनाशक का सटीक छिड़काव संभव है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

इस प्रशिक्षण में केवीके की कर्मी निशा रानी सहित अन्य वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय योगदान दिया। विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षणों के आयोजन की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मंगलपुर में फर्नीचर दुकान में भीषण आग, 40 लाख की संपत्ति जलकर राख



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा अनुमंडल के मंगलपुर स्थित बाबा विश्वकर्मा फर्नीचर दुकान में मध्यरात्रि भीषण आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में दुकान में रखा करीब 35 से 40 लाख रुपये का सामान नष्ट हो गया।
एसएसबी 21वीं वाहिनी कैंप के सामने स्थित इस दुकान से देर रात आग की लपटें उठती देख कैंप के जवानों ने तुरंत दुकान मालिक राजेश शर्मा को सूचना दी। साथ ही बगहा अग्निशमन विभाग को भी घटना की जानकारी दी गई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग का एक वाहन मौके पर पहुंचा। इस दौरान एसएसबी जवानों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग तेजी से फैलती गई। आग की भयावहता को देखते हुए बाद में दो और दमकल गाड़ियों को बुलाना पड़ा। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। दुकान मालिक राजेश शर्मा ने बताया कि आग में तैयार पलंग, एल्यूमिनियम सामग्री, फर्नीचर निर्माण के लिए रखी गई लकड़ियां और सभी औजार जलकर नष्ट हो गए। उन्होंने बताया कि शादी-विवाह के लिए तैयार किए गए कई ऑर्डर के पलंग भी जल गए, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को ही मुख्य वजह माना जा रहा है। पीड़ित दुकानदार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### सम्राट अशोक जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी के द्वारा तुरकौलिया के गांधी घाट पर किसान सत्याग्रह के बैनरतले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी।** दिनांक 29.03.26 को सम्राट अशोक जयंती के अवसर पर किसान सत्याग्रह के बैनरतले आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, एवं ओबीसी के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो व प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में तुरकौलिया गांधी घाट पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन विभिन्न मांगो को किया गया था जिसमें मुख्य बातें, 1 बेतिया राज के भूधारको को मालिकाना हक एवं कानूनी शक्ल देना। 2,भारत अमेरिका ट्रेड डील 2026 सरकार रद्द करें। 3,0 मक्का -आलू किसानों हेतू दीर्घकालिक निति लाने की मांग की गई हैं। इस कार्यक्रम में केसरिया के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व समाजसेवी राम अधार राय समेत कई नेताओं ने केंद्र व बिहार सरकार के नितियों के खिलाफ का विरोध जताया है। इस मौके पर सुरेंद्र महतो, हिरालाल प्रसाद,राम एकबाल भगत, कन्हैया शर्मा,मो मंटू आलम,लोकेश राय, शिवानंद राय, डॉ लक्ष्मी कुमार,उमेश सिंह,ओम प्रकाश शर्मा,आशा लाल प्रसाद,गयासुद्दीन समानी, समेत कई कार्यकर्तागण एवं अन्य नेतागण उपस्थित थें।

### कलश विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पू भक्तिमय माहौल के साथ हुआ संपन्न

**सहरसा संवादाता।**
चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर नगर परिषद क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की विधि - विधानपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद शनिवार को कलश विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा हर्षोल्लास एवं भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गई। पूरे दिन क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्ति का वातावरण बना रहा। कलश विसर्जन से पूर्व पंडित सच्चिदानंद दुबे के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन कराया गया। इसके बाद श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा के रूप में निकले। श्रद्धालु दुर्गा स्थान गली होते हुए नगर परिषद क्षेत्र के उच्च विद्यालय के समीप स्थित मुख्य पोखर तक पहुंचे, जहां विधि-विधान के साथ कलश का विसर्जन किया गया।इस दौरान श्रद्धालु "जय माता दी" के जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। गगनभेदी शंखनाद और भक्ति गीतों से पूरा इलाका गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कलश विसर्जन में शामिल श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी।इधर, मुख्य बाजार स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर में शनिवार को भी पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी पड़ी। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दरबार में पहुंचकर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना की प्रार्थना की। कलश विसर्जन के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# मोतिहारी : घोड़ासहन प्रखंड में दो पोखरों का जीर्णोद्धार, सौंदर्यकरण एवं ऑडिटोरियम सह पुस्तकालय निर्माण स्थल का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
पर्यावरण पुनरुद्धार एवं सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार एवं सौरभ जोरवाल जिलाधिकारी,पूर्वी चंपारण, मोतिहारी द्वारा रविवार को घोड़ासहन प्रखंड में पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित पोखरा एवं शशि भूषण दास मठ परिसर में स्थित पोखरा का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही घोड़ासहन बाजार के मध्य में ऑडिटोरियम सह पुस्तकालय के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों पोखरों के व्यापक जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण हेतु निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित पोखरा,जिसकी लंबाई-चौड़ाई 150 फीट ७ 150 फीट है, के लिए ₹32 लाख का प्राक्कलन तैयार किया गया है, जबकि शशि भूषण दास मठ परिसर में स्थित 250 फीट ७ 250 फीट के पोखरा के लिए ₹42 लाख का प्राक्कलन निर्धारित किया गया है। दोनों पोखरों का कार्य एनबीपी डीसीएल के सीएसआर मद से कराया जाएगा। प्रस्तावित कार्यों के अंतर्गत पोखरों से जलकुंभी की सफाई, मिट्टी की खुदाई एवं चारों ओर तटबंध का निर्माण,पेवर ब्लॉक की बिछाई,सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना, कॉमन सैनिटेशन सेंटर का निर्माण, वृक्षारोपण तथा अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नेडेफ टैंक का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, घोड़ासहन बाजार के मध्य में ऑडिटोरियम सह पुस्तकालय का निर्माण भी एनबीपीडीसीएल के सीएसआर मद से कराया जाएगा। यह सुविधा स्थानीय युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। ऑडिटोरियम से सामुदायिक कार्यक्रमों,सांस्कृतिक आयोजनों एवं सरकारी बैठकों हेतु एक सुसज्जित मंच उपलब्ध होगा, वहीं पुस्तकालय से विद्यार्थियों को अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता मिलेगी।यह समस्त योजनाएं घोड़ासहन के स्थानीय निवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। सैनिटेशन सेंटर एवं अपशिष्ट प्रबंधन अवसंरचना से सार्वजनिक स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, वृक्षारोपण से स्थानीय पर्यावरण स्वच्छ एवं हरा-भरा बनेगा तथा ऑडिटोरियम सह पुस्तकालय से शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास को नई गति मिलेगी। वहीं निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा निर्देश दिया कि उक्त समस्त कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निविदा प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए, तथा धरातल पर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ढाका, डीआरडीए के अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी घोड़ासहन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## सफलता की नई ऊँचाइयाँ: सर्वोदय किड्स कैंपस के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

लोकतंत्र की आवाज



**केसरिया - संवाददता प्रिंस कुमार।**
केसरिया।सर्वोदय किड्स कैंपस के छात्रों ने इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरव से ऊँचा कर दिया है। इस बार के परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से सफलता अवश्य मिलती है। विद्यालय के मेधावी छात्र सुधांशु कुमार ने 412 अंक प्राप्त किए, जिसमें उन्होंने विज्ञान विषय में 98 अंक हासिल कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं आकाश कुमार ने 431 अंक और रत्नेश कुमार ने 426 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की। खास बात यह रही कि आकाश कुमार और रत्नेश कुमार दोनों ने गणित विषय में 96-96 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त अन्य छात्रों ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की सफलता में योगदान दिया। युवराज ने 359 अंक, साहिल ने 309 अंक, इसके अलावा किशन, उज्जवल रिशु राज तथा मिकू कुमार ने अच्छे अंक प्राप्त किए। इन सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनके सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के कारण ही वे यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं। विद्यालय के निदेशक राजेंद्र सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, सुधांशु लगातार स्कूल अंतिम समय तक नियमित रूप से आता रहा, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। इसी प्रकार आकाश और रत्नेश समेत सभी विद्यार्थियों ने मेहनत और अनुशासन का परिचय दिया है। आने वाले समय में जो विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, उन्हें इन छात्रों से सीख लेनी चाहिए कि यदि नियमित रूप से स्कूल आकर पूरी लगन से पढ़ाई की जाए, तो सफलता निश्चित है। मैं सभी छात्रों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई देता हूँ।₹शिक्षक कुन्नू भैया ने पत्रकार से बातचीत करने के दरमियान बताया कि,हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने जो प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। सुधांशु द्वारा विज्ञान में 98 अंक लाना और आकाश-रत्नेश द्वारा गणित में 96-96 अंक प्राप्त करना यह दर्शाता है कि हमारे छात्र विषयों को समझकर पढ़ते हैं। साथ ही अन्य छात्रों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर यह सिद्ध किया है कि हर विद्यार्थी में क्षमता होती है, बस उसे सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। मुझे पूरा विश्वास है कि ये सभी बच्चे भविष्य में और भी बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे और समाज में एक सकारात्मक योगदान देंगे।₹ विज्ञान की शिक्षिका साक्षी दीदी ने कहाः यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के निरंतर प्रयास का फल है। सुधांशु का विज्ञान में 98 अंक लाना तथा अन्य छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन हम सभी के लिए गर्व की बात है।

## पाण्डेय कोंचिंग सेन्टर ढेकहां मठ के विद्यार्थियों ने केसरिया प्रखंड क्षेत्र को किया गौरवान्वित





लोकतंत्र की आवाज

**केसरिया,संवाददाता प्रिंस कुमार**
पूर्वी चम्पारण। केसरिया के विद्यार्थियों ने मारी बाजी। मैट्रिक परीक्षा परिणाम 2026 वर्ष प्रखंड टॉपर ताजपुर निवास देव कुमार 467,और दिव्यांशु कुमार 442,पिता दीपक माता पूनम देवी,बैरिया निवासी कोमल कुमारी, पिता संजय सिंह ने इसका श्रेय शिक्षक बलिराम जी पाण्डेय को दिया है। इस दौरान शिक्षक ने बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दीं है। वहीं उनको मार्ग दर्शक बताते हुए आगे पढ़ाई की वही संस्कृत में अंक 98,हिंदी में 95 अंक प्राप्त किया हैं। वहीं बधाई देने वालों में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सह प्रभारी प्रधानध्यापक अग्नीश कुमार पाण्डेय,दीपक कुमार साह, प्रधानध्यापक संजय ठाकुर, प्रधानाध्यापिका कुमारी आर्चाना कुमारी,प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील ठाकुर, अखिलानंद उर्फ लड्डू ठाकुर रामलाल महतो, शीला देवी,नेहा कुमारी, सभी लोगों ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं।

## उत्पल कांत बने पटखौली थानाध्यक्ष, कानून-व्यवस्था मजबूत करने का लिया संकल्प, अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
जिले में पुलिस प्रशासन को अधिक चुस्त-दुरुस्त और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल द्वारा किए गए फेरबदल के तहत उत्पल कांत को पटखौली थाना का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके पदभार ग्रहण करते ही क्षेत्र में बेहतर कानून-व्यवस्था और सशक्त पुलिसिंग की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पदभार संभालने के बाद थानाध्यक्ष उत्पल कांत ने थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों, तस्करी, शराबबंदी उल्लंघन एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गश्ती व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। थानाध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों को जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि थाना आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनकर उसका त्वरित समाधान किया जाए। साथ ही, उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। नए थानाध्यक्ष के आगमन पर स्थानीय लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लोगों का मानना है कि उत्पल कांत के नेतृत्व में पटखौली थाना क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून का राज और अधिक मजबूत होगा, जिससे आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे।

## पकड़ीदयाल: प्रखंड क्षेत्र के सिरहा निवासी जय नारायण प्रसाद जायसवाल के पुत्र अभिनंदन कुमार ने बिहार बोर्ड की परीक्षा में 477 अंक हासिल कर जिले का नाम किया रोशन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** जिला में आठवें स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। उसने गणित विषय में 100 अंक में 100 अंक हासिल किया है। अभिनंदन की सफलता पर परिवार में हर्ष का माहौल है। सभी उसे बधाई देने में लगे रहे। उसकी सफलता पर दादी, माता-पिता,भाई बहन,चाचा इत्यादि लोगों ने मिठाई खिलाकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं जिला टॉपर अभिनंदन कुमार ने बताया कि वह घर पर ही प्रतिदिन लगभग 10-12 घंटे पढ़ाई करता था। बताया कि इसमें सर्वाधिक योगदान उसके स्कूल के शिक्षक की है। उसकी सफलता में प्रेरक व मार्गदर्शक के रूप में पिता का योगदान सवांधिक है। साथ ही चाचा संदीप कुमार एवं अंकित कुमार का योगदान रहा है। बताया कि उसकी मां संगीता देवी उसे पढ़ने में काफी सहयोग की है। अभिनंदन आगे की पढ़ाई गणित विषय से करना चाहता है। उसका उद्देश्य सीए बनाना है। अभिनंदन कुमार बताए कि अपनी पठन पाठन गांव के सरकारी विद्यालय के साथ टॉपर्स प्वाइंट में किए जिसके शिक्षक अंकित कुमार जायसवाल एवं संदीप कुमार जायसवाल है। बधाई देने में पूर्व मंत्री सह मधुबन विधायक राणा रंधीर सिंह,एसडीओ मंगला कुमारी,डीएसपी कुमार चंदन, मुखिया दिनेश प्रसाद,सरपंच मुकेश कुशवाहा,राजू कुमार जायसवाल,श्याम नारायण प्रसाद जायसवाल,मुकुंद कुमार, दीपशिखा,जितेंद्र कुमार, कुंदन कुमार,चंदन कुमार और उच्च माध्यमिक विद्यालय इटवा के समस्त शिक्षक गण शामिल हैं।

## गंडक नदी में डूबी 15 वर्षीय किशोरी, एसडीआरएफ की तलाश जारी, बोरा धोने के दौरान फिसला पैर, छोटी बहन के शोर पर जुटे लोग

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 27 स्थित गंडक नदी में शनिवार दोपहर बाद एक 15 वर्षीय किशोरी के डूब जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर तलाश अभियान में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोठी मुहल्ला निवासी नंदलाल बिन की पुत्री कृति कुमारी (लगभग 15 वर्ष) अपनी छोटी बहन के साथ गंडक नदी किनारे बोरा धोने गई थी। बताया जा रहा है कि घर में बड़े भाई की शादी होने वाली थी, जिसके चलते बोरा साफ किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक कृति का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। छोटी बहन के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल नदी में उतरकर खोजबीन शुरू की, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद किशोरी का पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया, जो देर शाम तक किशोरी की तलाश में अभियान चला रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय लोग भी नदी किनारे किशोरी के मिलने की उम्मीद में जुटे हुए हैं।

# सलखुआ की बेटी निधि कुमारी ने रचा इतिहास, विपरीत परिस्थितियों में हासिल की मैट्रिक परीक्षा में शानदार सफलता

लोकतंत्र की आवाज



**सिमरी बख्तियारपुर, (सहरसा)**
कहते हैं कि अगर हौसले बुलंद हों तो मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियाँ भी रास्ता नहीं रोक सकतीं। ऐसा ही कर दिखाया है सहरसा जिले के सलखुआ प्रखंड अंतर्गत पिपरा गाँव की बेटी निधि कुमारी ने, जिसने बिहार बोर्ड की मैट्रिक वार्षिक परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। 465 अंक लाने वाली निधि कुमारी एक साधारण किसान परिवार से आती हैं। उनके पिता बलबीर यादव पेशे से किसान हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं है। कोशी नदी के किनारे बसे उनके गाँव में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है-न ठीक सड़क, न नजदीक में बड़ा बाजार और न ही उच्च शिक्षा के बेहतर संसाधन। इसके बावजूद निधि ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया कि सफलता सुविधाओं की मोहताज नहीं होती। निधि ने अपनी पढ़ाई संत बाबा संदु भगता विद्या निकेतन, बगेवा कोचिंग संस्था से की। वह घर के कामों में अपने पिता का हाथ बंटाते हुए नियमित पढ़ाई करती थीं। उनका कहना है कि पढ़ाई के दौरान उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, क्योंकि उनका बथान कोशी नदी के उस पार है, जहां उन्हें अक्सर जाना पड़ता था। इसके अलावा घर की जिम्मेदारियां भी निभानी होती थीं। निधि बताती हैं कि, ''पढ़ाई करना आसान नहीं था, लेकिन मेरे कोचिंग के शिक्षकों ने मुझे हमेशा प्रोत्साहित किया और मार्गदर्शन दिया। उन्हीं के सहयोग से आज यह सफलता संभव हो पाई है।''
निधि की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरा प्रखंड गर्व महसूस कर रहा है। गाँव और आसपास के लोग उनकी मेहनत और संघर्ष की सराहना कर रहे हैं। उनकी सफलता आज अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निधि जैसी प्रतिभाओं को यदि सही अवसर और संसाधन मिलें, तो वे और भी ऊंचाइयों को छू सकती हैं। निधि कुमारी ने यह साबित कर दिया है कि सच्ची लगन, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है।

# सड़क दुर्घटना में 26 वर्षीय युवक की मौत, गांव में मातम का माहौल

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।**
जिला के सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र के बसनहीं थाना अंतर्गत मोकमा पंचायत के सुथनिया गांव में शनिवार को उस समय कोहराम मच गया, जब सड़क दुर्घटना में मृत 26 वर्षीय अंकित का शव गांव पहुंचा। शव के पहुंचते ही परिजनों में चीत्कार मच गया और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। दरवाजे पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों के विलाप को देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो जा रही थीं। मृतक के पिता मनोज कुमार यादव अपने जवान बेटे की मौत से स्तब्ध थे और टकटकी लगाए आने जाने वालों को देख रहे थे। वहीं, मां रंजना देवी सहित अन्य परिजन शव से लिपटकर बिलख रहे थे। मां बार बार यही कह रही थीं कि ₹अब किसके सहारे जीएंगे, भगवान ने हमारा बुढ़ापे का सहारा छीन लिया।₹ गांव की महिलाएं उन्हें सांत्वना देने में जुटी थीं। जानकारी के अनुसार, मृतक अंकित मधेपुरा में रहकर पढ़ाई की तैयारी करता था। वह अपने तीन दोस्तों के साथ मधेपुरा जिले के ग्वालपाड़ा मेला देखने चार पहिया वाहन से गया था। लौटने के दौरान अरार पुल के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पोल को तोड़ते हुए नदी में जा गिरी, जिससे अंकित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने पीछे माता-पिता और एक छोटे भाई को छोड़ गया है। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि सुतीक्ष्ण कुमार, समिति सदस्य चंदन ठाकुर, पैक्स अध्यक्ष प्रमोद मेहता सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौके पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### औरंगाबाद- दसवीं की परीक्षा में डिहुरी के छात्र शशिकांत कुमार ने 477 अंक लाकर जिले का नाम रोशन किया




**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

गोह (औरंगाबाद) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित 10 वीं के परीक्षा परिणाम में गोह प्रखंड के डिहुरी गांव निवासी बिरेंद्र भगत एवं माता अनीता देवी के पुत्र शशिकांत कुमार ने जिले के टॉप टेन में 8वां रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।अम्बेदकर अकादमी डिहुरी के छात्र शशिकांत कुमार ने 500 में 477 अंक (95 .4%) हासिल कर गोह प्रखंड में पहले स्थान प्राप्त किया है। शशिकांत कुमार ने इस सफलता के पीछे उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और परिवार के साथ गुरुजनों का सहयोग रहा है। शशिकांत कुमार के उपलब्धि से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे गांव और इलाके में खुशी का माहौल व्याप्त है। शशिकांत कुमार उच्च माध्यमिक विद्यालय डिहुरी का छात्र है। इन्होंने अम्बेडकर अकादमी में कोचिंग कर सफलता प्राप्त किया है। छात्र आगे की पढ़ाई कर आईपीएस अधिकारी बनना चाहता है। इनके सफलता पर संस्थान के निदेशक धर्मेन्द्र कुमार एवं प्राचार्य नीतीश कुमार तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### भूपतपुर गांव में बकायेदारों के विरुद्ध बिजली विभाग ने चलाया विशेष अभियान



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के मुरहेना पंचायत के भूपतपुर गांव में बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से बकाया राशि को लेकर सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रजौली के वरीय प्रबंधक राकेश कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान बिजली मीटर रीडर सुपरवाइजर मो. इरफान आलम, रौशन कुमार, काजल कुमारी, पूजा कुमारी, मीटर रीडर अभिषेक कुमार, लाइन मैन दिनेश पंडित एवं बब्लू कुमार मौजूद रहे। वरीय प्रबंधक ने बताया कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर भूपतपुर गांव में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 18 उपभोक्ताओं से 201100 रुपए की राशि वसूल की गई। साथ ही वैसे उपभोक्ताएं जिनका बिजली बिल काफी दिनों से बकाया चल रहा था, उनका विद्युत विच्छेदन किया गया। प्रबंधक ने बताया कि भूपतपुर गांव में कुल 35 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया है। बिजली विभाग ने स्पष्ट किया कि वे बकाए बिजली बिल को लेकर आगे भी अभियान जारी रखेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने बिजली बिल का भुगतान समय पर करें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### रश्मि ने मैट्रिक में हासिल की प्रथम श्रेणी



**आरा/भोजपुर।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में महादेवा रोड निवासी रश्मि कुमारी ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन की है। उनकी इस सफलता से घर में खुशी का माहौल है। परिजनों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रश्मि ने अपनी सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि वह आगे भी कड़ी मेहनत जारी रखेंगी और जीवन में एक अच्छी नौकरी हासिल कर अपने परिजनों के सपनों को साकार करेंगी।

### क्या पूसा में नया नेतृत्व गढ़ने में चूक रही है माले

**पूसा/समस्तीपुर।**

**भाकपा**–माले के प्रखंड सम्मेलन में एक बार फिर अमित कुमार का प्रखंड सचिव चुना जाना चर्चा का विषय बन गया है। लगातार पांचवीं बार एक ही चेहरे पर भरोसा जताना जहां एक ओर संगठन की स्थिरता और अनुभव को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर यह सवाल भी खड़ा करता है कि क्या माले पूसा में नया नेतृत्व तैयार करने में विफल हो रही है! राजनीतिक संगठनों की ताकत उनके कैडर विस्तार और नए नेतृत्व के उभार में मानी जाती है। ऐसे में वर्षों से एक ही नेतृत्व पर निर्भरता कहीं संगठन के भीतर वैकल्पिक चेहरों के अभाव का संकेत तो नहीं। क्या यह सफलता है कि कार्यकर्ता पुराने नेतृत्व पर भरोसा बनाए हुए हैं, या फिर यह विफलता कि नए नेतृत्व को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय राजनीतिक हलकों में अब यह बहस तेज हो गई है, कि माले को अपनी संगठनात्मक रणनीति पर पुनर्विचार करते हुए युवा और नए चेहरों को आगे लाने की जरूरत है, ताकि पार्टी भविष्य की चुनौतियों का सामना मजबूती से कर सके।

# पटना : काम पर लौटने वाले हड़ताली राजस्व अधिकारियों को धमकाने वालों पर सरकार गरम

**डिप्टी सीएम ने कहा- अब सिर्फ सस्पेंशन नहीं, एफ आई आर भी कराएंगे**

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना:** राज्य के हड़ताली अंचल अधिकारियों (सीओ) और राजस्व अधिकारियों (आरओ) द्वारा कथित दबाव और धमकी की घटनाओं पर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि काम पर लौटे अधिकारियों को धमकाने या बाधा पहुंचाने वाले किसी भी संघ नेता या पदाधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में विधि-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था से कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। काम पर लौटे ईमानदार अधिकारियों को धमकाना न केवल कायरता है, बल्कि यह एक गंभीर आपराधिक कृत्य भी है। ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विजय सिन्हा ने कहा कि सरकार स्पष्ट कर देना चाहती है कि जो लोग डर और दबाव के जरिए राजस्व व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके लिए बिहार में कोई जगह नहीं है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें जेल भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। जो अधिकारी सरकार के साथ आए हैं उनको सुरक्षा और सम्मान देने की हम सबकी जिम्मेवारी है। सरकार हालात पर पूरी नजर बनाए हुए है। गंभीर आरोप वाले किसी भी हाल में नहीं बचेंगे। वहीं विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने सभी जिलाधिकारियों के पास पत्र भेजकर निर्देश देते हुए कहा है कि ऐसे मामलों में तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए। सरकार ने इसे न केवल सेवा नियमों का उल्लंघन, बल्कि आपराधिक कृत्य माना है। जो अधिकारी-कर्मचारी इस्तीफा देकर चुनाव लड़े हैं, वे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके भी कार्यों की जांच कराई जाएगी। विभाग को मिली शिकायतों के अनुसार, हड़ताल पर गए कुछ अधिकारी काम कर रहे अपने सहयोगियों को व्हाट्सएप कॉल के जरिए धमका रहे हैं और सोशल मीडिया पर 'नेमिंग एंड शेमिंग' कर मानसिक दबाव बना रहे हैं। विभाग ने इसे सरकारी कार्य में बाधा डालने की गंभीर कोशिश करार दिया है। प्रधान सचिव ने इस मामले में ।क्फ्रको लेकर निर्देश भी दे दिया है। ऐसे मामलों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 132, धारा 351, धारा 352, धारा 126, धारा 127, धारा 349, धारा 350, धारा 195 और आईटी एक्ट, 2000 की धारा 67 के तहत भी कार्रवाई होगी। सरकारी सख्ती के बाद हड़ताल कर रहे अधिकारियों के बीच दबाव बढ़ने लगा है। विभागीय जानकारी के अनुसार अब तक 24 अधिकारी काम पर लौट चुके हैं। पहले ही गैर-हड़ताली अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार देकर कामकाज जारी रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई करें और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट विभाग को भेजें।

## सायमा परवीन ने मैट्रिक में 465 अंक लाकर खरीक क्षेत्र का नाम किया रोशन



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**खरीक/भागलपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में खरीक प्रखंड की छात्रा सायमा परवीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 465 अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। सायमा की सफलता पर परिजनों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जानकारी के अनुसार सायमा परवीन खरीक बाजार स्थित मोमिन टोला की निवासी हैं। उनके पिता मोहम्मद राशिद मध्य विद्यालय तिरासी गोपालपुर में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता नूर जहाँ खातून गृहिणी हैं। सायमा ने हाई स्कूल खरीक, भागलपुर से मैट्रिक परीक्षा दी थी और मेहनत व लगन के बल पर 465 अंक हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि सायमा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही हैं। उन्होंने नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की। सायमा की इस उपलब्धि से मोमिन टोला खरीक बाजार सहित पूरे खरीक प्रखंड में गर्व का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी सायमा को प्रतिभाशाली छात्रा बताते हुए कहा कि वह आगे भी उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करेंगी। सायमा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों को दिया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं, ताकि समाज के लिए बेहतर कार्य कर सकें। जानकारी के मुताबिक सायमा परवीन, राजद नेता सह पूर्व उपमुखिया मोहम्मद आजाद अंसारी की भांजी हैं। मोहम्मद आजाद अंसारी ने भी सायमा को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सायमा की इस सफलता ने क्षेत्र के अन्य छात्रों को भी कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी है।

## अश्विन कुमार ने मैट्रिक में 473 अंक लाकर बढ़ाया गांव का मान

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा)।** प्रखंड के बरदाहा गांव निवासी किसान परिवार के होनहार छात्र अश्विन कुमार ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में 473 अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं गांव का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी और उत्साह का माहौल है। अश्विन कुमार मध्य विद्यालय सांढ़ के छात्र हैं।

अश्विन ने विशेष रूप से गणित और विज्ञान विषय में 99-99 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह सफलता प्राप्त की। ग्रामीण परिवेश में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ वे अपने परिवार के खेती-बाड़ी के कार्यों में भी हाथ बंटाते रहे। अश्विन की माता प्रमिला देवी और पिता सतीश कुमार ने बेटे की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे परिवार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि अश्विन शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रहा है। गांव के लोगों ने भी अश्विन को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है।

## बिथान के छात्र-छात्रा दोनों ने किया कमाल,राघव और स्तुति बने प्रखंड के टॉपर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने दी बधाई

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में बिथान प्रखंड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खासकर पीएसपी हाई स्कूल बिथान के छात्र राघव कुमार और एसएस हाई स्कूल सखवा की छात्रा स्तुति कुमारी ने अपने शानदार अंकों से सबका ध्यान आकर्षित किया है।विकास कुमार एवं रानी कुमारी के पुत्र राघव कुमार ने 474 अंक प्राप्त कर प्रखंड के मेधावी छात्रों में प्रमुख स्थान हासिल किया है। वहीं शिक्षक रुदल यादव की पुत्री स्तुति कुमारी ने 470 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। दोनों छात्र-छात्रों की सफलता से उनके विद्यालयों में खुशी का माहौल है।अन्य सफल छात्रों में पीएसपी हाई स्कूल बिथान की छात्रा सुदीश कुमार यादव की पुत्री रुपम कुमारी ने 453 अंक, गोपाल प्रसाद यादव के पुत्र शिवम कुमार ने 449 अंक, सतीश यादव के पुत्र सौरभ कुमार ने 441 अंक तथा प्रवीण सिंह के पुत्र रुपेश कुमार ने 440 अंक प्राप्त किये। वहीं कटौसी निवासी हितेश कुमार की पुत्री सुधा कुमारी ने 432 अंक, अजय कुमार यादव के पुत्र विजय कुमार ने 418 अंक प्राप्त कर सराहनीय सफलता हासिल की। छात्रों की इस सफलता पर हसनपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व बिथान प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख विभा देवी,बिथान के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार झा,प्रधानाध्यापक मदन कुमार, शिक्षक रंजीत कुमार रमन, गुनानंद प्रसाद, शिक्षक रवि शंकर प्रसाद,प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जय कुमार मुखिया, समाजसेवी अर्जुन प्रसाद यादव, सुरेंद्र गुप्ता,शिक्षक बालविजय कुमार,पंचायत समिति सदस्य शिवकुमार,राहुल कुमार,जिला पार्षद रंजीत कुमार,संजय गुप्ता,सत्यनारायण ब्रह्मचारी, अरविंद महतो सहित कई गणमान्यजन लोगों ने बधाई दी।

## नौ दिवसीय महायज्ञ का आयोजन,कथा सुनने लोगों की उमड़ी भीड़,शामिल रहे गन्ना मंत्री व विधायक

लोकतंत्र की आवाज



**बेगूसराय।** जिले के नावकोठी प्रखंड अंतर्गत पहसारा बभनगामा गांव में आयोजित पंचमुखी हनुमान रक्षा कवच महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड प्रमुख अनिता देवी एवं श्याम नंदन सिंह सहित अन्य ने हवन पूजन कर आहुति दी। इस अवसर गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान,विधायक चेरियाबरियारपुर अभिषेक आनंद सहित अन्य गणमान्य को यज्ञ समिति के सदस्यों ने सम्मानित किया। यज्ञ का शुभारंभ अग्नि प्रकट कर किया गया। विशाल यज्ञशाला में सैकड़ों भक्तजनों ने हवन कुंड में आहुतियां डाली। इस अवसर पर आचार्य विष्णु त्रिपाठी एवं विकास कुमार शुक्ल शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि हमें भगवान राम के आदर्श को जीवन में उतारना चाहिए। उनके आदर्श को आत्मसात कर जीवन सार्थक हो जायेगा।अयोध्या धाम के तपोमूर्ति संत परमपूज्य दिव्यानंद जी महाराज के सानिध्य में चल रही पंचमुखी हनुमत रक्षा कवच यज्ञ में श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य प्रद्युम्न जी महाराज ने कथा में बताया कि अपने जीवन में भगवान की भक्ति कैसे प्राप्त करें। पूज्य महाराज जी ने बताया कि मां बाप की सेवा जीवन का परम धर्म है, यदि हम माँ बाप की सेवा, संतो की सेवा, भगवत भक्ति, दान, यज्ञ नहीं किए तो मानव और पशु में कोई अंतर नहीं है। महाराज जी ने धुंधकारी का प्रसंग भी सुनाया। धुंधकारी मां बाप की बात नहीं मानी और उसकी दुर्गति को बताते हुए महाराज जी ने बताया कि मां बाप की सेवा ही जीवन का धर्म है। श्रीमद्भागवत कथा से सनातन धर्म की जागृति होती है.हमें धर्म की मर्यादा की शिक्षा मिलती है। कथा श्रवण करने पर समस्त जनता जनार्दन में भक्ति का माहौल देखा गया। ऑर्गन कलाकार मोनू ओझा,तबला वादक शिव पूजन,पैड पर संजय मिश्रा टीम के भक्ति संगीत से माहौल पूरे भक्तिमय हो गया। मौके पर पूर्व विधायक श्रीकृष्ण सिंह,संजीव कुमार,श्यामनंदन सिंह,शिवम वत्स,घनश्याम,टुन्नी सिंह,मुकेश कुमार,अमित कुमार फूचो,राहुल कुमार,चंदन, रामू, राकेश, रामानंद, उपेंद्र सिंह, दरेश सिंह सहित कई लोग शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था हेतु नावकोठी के पुलिस पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक तैनात थे।

## जिले में एलपीजी की कोई किल्लत नहीं, 28,589 सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, कालाबाजारी पर सख्ती, तीनों अनुमंडलों में निगरानी तेज

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और आपूर्ति में अनियमितता को लेकर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। प्रशासन के लगातार प्रयासों से बैकलॉग में कमी आई है और उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर सुचारु रूप से पहुंचाया जा रहा है। वर्तमान स्थिति की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिले में फिलहाल 28,589 एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वहीं, बीते दिन 10,808 सिलेंडरों की सफलतापूर्वक डिलीवरी की गई, जो बेहतर आपूर्ति प्रबंधन को दर्शाता है। शिकायतों के त्वरित निपटारे को लेकर भी प्रशासन गंभीर है। प्राप्त शिकायतों को संबंधित एसडीएम को भेजकर शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आज कुल 21 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिन पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। अंत में उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और पैनिक की स्थिति से बचें।

## बिहिया के रौशन ने बिहार बोर्ड मैट्रिक में मारी बाजी, प्रदेश में 8वां रैंक, एलआईसी एजेंट के बेटे ने 96.6% अंक लाकर किया नाम रौशन

लोकतंत्र की आवाज

**ईजी० केमिकल अली**

**जगदीशपुर**/भोजपुर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में भोजपुर जिले के बिहिया निवासी रोशन कुमार ने पूरे बिहार में 8वां रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। रोशन ने कुल 483 अंक (96.6%) प्राप्त किए हैं। उसकी इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं, पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। रोशन बिहिया नगर स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय का छात्र है। उसने हिंदी में 99, संस्कृत में 95, गणित में 97, विज्ञान में 97, सामाजिक विज्ञान में 95 और अंग्रेजी में 74 अंक प्राप्त किए हैं। रिजल्ट जारी होने के बाद रोशन ने सबसे पहले साइबर कैफे में अपना परिणाम देखा और फिर कोचिंग शिक्षक के साथ घर पहुंचा। घर के दरवाजे पर खड़े माता-पिता और बहनों को उसने खुशी-खुशी बताया कि वह बिहार टॉप-10 में आ गया है। यह सुनते ही परिवार में जश्न का माहौल बन गया। मां ममता देवी ने बेटे को गले लगाकर खुशी जताई, वहीं पिता राजकुमार सिंह ने माला पहनाकर, तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उसका स्वागत किया। रोशन ने भी माता-पिता के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

रोशन वार्ड नंबर 9 के निवासी राजकुमार सिंह का पुत्र है, जो पेशे से एलआईसी एजेंट हैं। उसकी मां गृहिणी हैं। दो बहनों में रोशन मंझला है। बड़ी बहन इंटर की





छात्रा है, जबकि छोटी बहन आठवीं कक्षा में पढ़ती है। रोशन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, विद्यालय के शिक्षकों और कोचिंग संस्थान के गुरुजनों को दिया है। उसने बताया कि वह आगे चलकर आईआईटी से इंजीनियर बनना चाहता है। उसने कहा कि आज के दौर में एआई का महत्व बढ़ रहा है और वह इसी क्षेत्र में काम कर देश का नाम रोशन करना चाहता है। मां ममता देवी ने कहा कि वह अपने बेटे को बड़ा अफसर बनते देखना चाहती हैं और उसकी पढ़ाई में हर संभव सहयोग करेंगी। पिता राजकुमार सिंह ने बताया कि रोशन शुरू से ही मेहनती रहा है और उस पर कभी पढ़ाई का दबाव नहीं डाला गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार ने कहा कि रोशन शुरू से ही अनुशासित छात्र रहा है और उसकी सफलता से विद्यालय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वहीं ज्ञानस्थली ट्यूशन सेंटर के संचालक सनोज कुमार ने बताया कि रोशन संस्थान के मेधावी छात्रों में से एक था और उसकी सफलता सभी के लिए गर्व की बात है। रोशन रोजाना करीब 10 घंटे पढ़ाई करता था और पैदल ही लगभग 3 किलोमीटर चलकर स्कूल और ट्यूशन जाता था। साधारण परिवार से आने वाले रोशन की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बन गई है। स्थानीय वार्ड पार्षद अजय कुमार और पूर्व वार्ड पार्षद सौरभ कुमार ने भी रोशन के घर पहुंचकर उसे बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत सिरदला में कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत रजौली विधानसभा क्षेत्र के सिरदला मंडल अंतर्गत ग्राम कुशाहन में सोमवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री रामविलास प्रसाद वर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, कार्यशैली एवं विचारधारा पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ तथा सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और उनके 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि उनका जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नगला चंद्रभान में हुआ था और उन्होंने देश सेवा को सर्वोपरि रखा। कार्यक्रम में रजौली विधायक विमल राजबंशी, जिला महामंत्री गगन सांडिल, जिला प्रवक्ता बबलू रंजन, पूर्व जिला महामंत्री नरेश श्वर्मा, प्रमोद चन्द्रवंशी, भाजपा नेत्री कमला देवी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### राज्यपाल से गोपाल नारायण सिंह की शिष्टाचार मुलाकात, शिक्षा व विकास पर हुई अहम चर्चा



लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। डेहरी स्थित गोपाल नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के संस्थापक तथा गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने बिहार के नवनियुक्त महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन से पटना स्थित राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की।यह मुलाकात गुरुवार की शाम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें बिहार के समसामयिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से राज्य में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा सामाजिक विकास से जुड़े विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान गोपाल नारायण सिंह ने विश्वविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज की प्रगति और भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी राज्यपाल को दी। वहीं राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने शिक्षा और समाज के समग्र विकास के लिए ऐसे प्रयासों की सराहना की। मुलाकात को लेकर यह माना जा रहा है कि आने वाले समय में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक पहल को और गति मिल सकती है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर पंच दिवसीय सामूहिक सुंदरकांड का भव्य आयोजन, निकली शोभायात्रा

लोकतंत्र की आवाज
संझौली। प्रखंड क्षेत्र के चैता बहोरी स्थित वैकुंठ धाम आश्रम में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पंच दिवसीय सामूहिक सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम के तहत आज जलभरी सह भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का पूर्णाहुति एवं भंडारा आगामी 2 अप्रैल को किया जाएगा। वहीं संध्या 7 बजे से भक्ति जागरण का आयोजन रखा गया है, जिसमें भोजपुरी के एक से बढ़कर एक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भक्तों से आग्रह किया है कि भंडारा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### काराकाट के प्रियांशु ने बिहार बोर्ड 10वीं में लहराया परचम, हासिल किया 9वां स्थान

लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। बिहार बोर्ड 10वीं परीक्षा के आज घोषित परिणाम में रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड के गोडारी स्थित राम रूप हाई स्कूल के होनहार छात्र प्रियांशु कुमार ने राज्य स्तर पर नौवां स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। कुल 500 अंकों में 482 अंक लाकर प्रियांशु ने माता–पिता का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया।परिणाम घोषित होते ही स्कूल और इलाके में मिठाइयों की बौछार हो गई। प्रियांशु के पिता मनोज कुमार एक गुमटी दुकान चलाते थे, जो बंद हो गई। ऐसे में मां सीमा देवी ने सिलाई मशीन से कमाई कर बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाया। मनोज ने बताया, प्रियांशु पर मेरा पूरा भरोसा था। मेरा बड़ा बेटा गौतम भोपाल में बीटेक कर रहा है, जबकि बेटी प्रिया लाइब्रेरी शिक्षक की तैयारी कर रही है। सभी पढ़ाई में अव्वल हैं।
प्रियांशु ने अपनी सफलता का श्रेय नाना बबन साह, नानी और मामा के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा, पैतृक गांव सासाराम के अमरातालाब से हूं, लेकिन दसवीं की तैयारी नाना के घर गोडारी में की। ऑनलाइन और सेल्फ स्टडी से बहुत मेहनत की। पढ़ाई के दौरान आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन मां ने कभी हार नहीं मानी। आज उनके चेहरे पर मुस्कान देखकर सुकून मिला।स्कूल के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने प्रियांशु को बधाई देते हुए कहा, ‘वह बहुत होनहार छात्र है। स्कूल का नाम रोशन किया।

### रामनवमी पर बिक्रमगंज हुआ भक्तिमय : कथा समापन के बाद दो स्थानों पर भव्य भंडारा, उमड़ा आस्था का सैलाब

लोकतंत्र की आवाज
बिक्रमगंज। रामनवमी एवं हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर सासाराम रोड बिक्रमगंज स्थित श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीरामचरितमानस कथा का 26 मार्च को श्रद्धापूर्वक समापन हुआ । इसके उपलक्ष्य में रविवार को मां के प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया,जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । भंडारे में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और महाप्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया । पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से सराबोर नजर आया । इसी कड़ी में शहर के प्रसिद्ध मां आस्कामिनी मंदिर परिसर में भी कथा समापन के बाद आयोजन समिति द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया । यहां भी भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण कर मां आस्कामिनी का आशीर्वाद प्राप्त किया । दोनों स्थानों पर हुए इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया । आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को नई ऊर्जा मिलती है ।

### फैजलगंज में युवक ने की आत्महत्या, कारण स्पष्ट नहीं

लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। सासाराम के फैजलगंज इलाके से एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर सामने आई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मृत्यु के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हर पहलू से पड़ताल की जा रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### कर्ण विद्या विहार की चेयरपर्सन डॉ. सोनम सिंह बच्चों को पुरस्कृत करती हुई बघैला पुलिस ने एनबीडब्ल्यू वारंटी को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
राजपुर। बघैला पुलिस ने थाना क्षेत्र के इटवा निवासी सरदार साह के पुत्र श्रीराम साह को गिरफ्तार कर लिया है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) जारी था । इस संबंध में थानाध्यक्ष करण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वारंट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को पकड़ा है । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है । उन्होंने यह भी बताया की आगे भी लगातार छापेमारी जारी रहेगी तथा कानून तोड़ने वाले के विरुद्ध सख्त कदम उठाया जायेगा।

# रोहतास: यूजीसी बिल को लेकर भाजपा के प्रशिक्षण कार्यक्रम में हंगामा, बैठक स्थगित

**समहुता पंचायत भवन में मंडल स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान दो गुटों में विवाद, नारेबाजी के बीच कार्यक्रम रद्द**

लोकतंत्र की आवाज



**रोहतास।** रोहतास प्रखंड क्षेत्र के आदर्श ग्राम पंचायत समहुता स्थित पंचायत भवन के सभागार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मंडल स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को हंगामे की भेंट चढ़ गया। कार्यक्रम निर्धारित समय पर शुरू हुआ था और प्रारंभिक सत्र शांतिपूर्वक संपन्न भी हुआ, लेकिन बाद में अचानक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिससे बैठक को बीच में ही स्थगित करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षण के दौरान भाजपा के कुछ कार्यकर्ता अचानक सभागार में प्रवेश कर गए और यूजीसी बिल के विरोध में नारेबाजी करने लगे। उनके हाथों में बैनर था , जिन पर “यूजीसी गो बैक” और “यूजीसी काला कानून वापस लो” जैसे नारे लिखे हुए थे। देखते ही देखते सभागार में मौजूद कार्यकर्ता दो गुटों में बंट गए—एक पक्ष यूजीसी बिल के समर्थन में था, जबकि दूसरा इसे काला कानून बताते हुए विरोध कर रहा था।स्थिति धीरे-धीरे तनावपूर्ण होती गई और दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। हंगामे के कारण प्रशिक्षण कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया और मंच पर मौजूद प्रशिक्षकों को वापस लौटना पड़ा।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आदर्श ग्राम पंचायत के पूर्व मुखिया एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यसमिति सदस्य तथा स्वर्ण एकता समाज के संयोजक मृत्युंजय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यूजीसी बिल स्वर्ण समाज को कमजोर करने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा स्वर्ण समाज को अपना सुरक्षित वोट बैंक मानती रही है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और आने वाले चुनाव में इसका विरोध और तेज किया जाएगा।



हंगामा करने वालों में अनिल सिंह, मुनेंद्र पांडे, मृत्युंजय सिंह, कृष्णनंदन सिंह (पक्ष अध्यक्ष समहुता), बलिराम सिंह, धनंजय सिंह, विकेश पांडे, टिंकू सिंह, राजेश सिंह सहित अन्य शामिल थे।वहीं, कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष पटेल, सुनील पांडे, राकेश कुमार और शशि भूषण प्रसाद ने प्रशिक्षण कार्यक्रम बाधित होने पर खेद जताया।

उन्होंने कहा कि यूजीसी बिल को सही तरीके से समझने की आवश्यकता है और जो लोग हंगामा कर रहे थे, वे भाजपा के वास्तविक कार्यकर्ता नहीं हो सकते।

## एंडेवर कंप्यूटर सेंटर में भव्य विदाई एवं स्वागत समारोह आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** जिले के प्रसिद्ध एंडेवर कंप्यूटर सेंटर में 29 मार्च को पुराने छात्रों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह एवं नए छात्रों के स्वागत हेतु वेलकम सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का माहौल उत्साह, सम्मान और स्नेह से सराबोर रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसएस एजुकेशनल ट्रस्ट एंड वेलफेयर के चेयरमैन एस.के. सिंह उपस्थित रहे।साथ ही एंडेवर क्लासेस के डायरेक्टर गौरव सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के सफल संचालन की जिम्मेदारी एंडेवर कंप्यूटर सेंटर के डायरेक्टर शशि रंजन के नेतृत्व में संपन्न हुई, जबकि मैनेजिंग डायरेक्टर अभिजीत रंजन ने महत्वपूर्ण सहयोग देते हुए आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

समारोह में प्रमुख रूप से सुधीर कुमार, कन्हैया कुमार, निशु कुमारी, अर्जुन कुमार, विशेश्वर कुमार, विष्णु तिवारी, गुलशन कुमार, शेषनाथ कुमार, रंजीत कुमार, सृष्टि कुमारी, काजल सिंह, सलोनी कुमारी, सुशील कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र एंड छात्रा उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाला। साथ ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान पुराने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं नए छात्रों का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए उन्हें वेलकम सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों—नृत्य एवं संगीत—ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि

“कड़ी मेहनत और निरंतर प्रगति ही सफलता की कुंजी है।”

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## तिलौथू प्रखंड टॉपर बने अंकित कुमार, 469 अंक लाकर रचा इतिहास

लोकतंत्र की आवाज

**तिलौथू।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 में तिलौथू प्रखंड के रामडीहरा निवासी अंकित कुमार , पिता राजेश चौधरी के पुत्र ने प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्रवासियों का मान बढ़ाया। आदर्श हाई स्कूल रामडीहरा (रोहतास) के इस छात्र ने कुल 500 में से 469 अंक (93.8%) प्राप्त किए। अंकित के पिता राजमिस्त्री हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों, माता-पिता और नियमित अभ्यास को दिया।सक्सेस क्लासेज के कोचिंग संचालक दिलीप कुमार ने कहा, "अंकित की मेहनत से स्कूल एवं कोचिंग का नाम रौशन हुआ, यह हमारी संस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि है" तिलौथू प्रखंड का कुल पास प्रतिशत 82% रहा, जिसमें लड़कियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। अंकित अब इंटरमीडिएट में विज्ञान संकाय चुनेंगे।

### साइकिल से कपड़े बेचने वाले की बेटी ने लाया बिहार में 8वां स्थान

लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में सासाराम की खुशी कुमारी ने 483 अंक लाकर पूरे राज्य में 8वां स्थान हासिल किया है। साधारण परिवार से आने वाली खुशी के पिता साइकिल से कपड़े बेचकर घर चलाते हैं। पढ़ाई के लिए अलग सुविधा न होने के बावजूद खुशी ने अपनी मां के सिलाई टेबल पर पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया। उसकी इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी की लहर है। खुशी का सपना आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में जाकर जिलाधिकारी बनने का है।

## मैट्रिक परीक्षा में 481 अंक के साथ दीपशिखा बिहार टॉप-10 में चमकी, रोहतास का नाम किया रोशन

लोकतंत्र की आवाज





**475 अंक लाकर शनि आनंद व रिचा कुमारी बने जिला के सितारे, गांव में जश्न का माहौल**

कोचस। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में रोहतास जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। परसथुआ की छात्रा दीपशिखा ने 481 अंक प्राप्त कर बिहार के टॉप-10 में स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है।

दीपशिखा की माता सीता देवी सरकारी शिक्षिका हैं, जबकि पिता दिनेश सिंह किसान हैं। सीमित संसाधनों के बीच उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं, जिले में भी परसथुआ व आसपास के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। गिरीश नारायण उच्च विद्यालय, परसथुआ के छात्र शनि आनंद ने 475 अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है।

उनके पिता विक्रांत गुप्ता दिल्ली में मजदूरी करते हैं, जबकि माता मंजु गुप्ता गृहिणी हैं।इसी कड़ी में उच्च विद्यालय कथराई की छात्रा रिचा कुमारी ने भी 475 अंक प्राप्त कर जिला टॉपर में स्थान बनाया है। उनके पिता रविकांत सिंह किसान हैं। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर मुखिया प्रतिनिधि जयशंकर प्रसाद ने उनके घर पहुंचकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि इन मेधावी छात्रों ने गांव, पंचायत और जिले का नाम रोशन किया है, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा हैं।साथ ही उन्होंने अभिभावकों को भी बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की।

मैट्रिक परीक्षा में मिली इस सफलता से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है और लोग मेधावी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे

## रोहतास में घरेलू गैस की पर्याप्त आपूर्ति, कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** रोहतास जिले में घरेलू गैस की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिले में इंडेन, भारत गैस और एचपी गैस के कुल 46 वितरकों के माध्यम से हजारों गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं।

प्रशासन ने बताया कि इंडेन के 28 वितरकों के पास 3504, भारत गैस के 7 वितरकों के पास 936 तथा एचपी गैस के 11 वितरकों के पास 1206 घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। सभी एजेंसियों के स्टॉक की नियमित जांच और निगरानी की जा रही है, साथ ही पूरे जिले में होम डिलीवरी व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है।

**जिला नियंत्रण कक्ष 24×7 सक्रिय, अब तक 243 शिकायतों का हुआ निपटारा**

अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार छापेमारी और निरीक्षण किया जा रहा है। निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर गैस बेचने या अन्य अनियमितताओं के मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद ही उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। गैस गोदामों से सीधे वितरण पर रोक लगाई गई है।

आरा स्थित एलपीजी बॉटलिंग प्लांट से संपर्क में रहते हुए गैस आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष 24×7 संचालित है, जहां अब तक 243 शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उनका शत-प्रतिशत समाधान किया जा चुका है। समस्या समाधान के लिए उपभोक्ता कॉमन इमरजेंसी हेल्पलाइन 1906, इंडियन ऑयल (IOCL) के 1800-2333-555, भारत पेट्रोलियम (BPCL) के 1800-22-4344 तथा एचपीसीएल (HPCL) के 1800-2333-555 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

इसके अलावा जमाखोरी, कालाबाजारी, घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग या अधिक कीमत वसूली की शिकायत हेतु जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06184-226072 एवं 06184-226093 पर संपर्क करने की अपील की गई है।

## बिजली चोरी के खिलाफ बड़ा अभियान: 208 पर केस, 83.43 लाख जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज

**बिक्रमगंज।** बिजली चोरी की रोकथाम, बिलिंग गुणवत्ता में सुधार एवं बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्युत विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में विभाग की जाँच टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कई मामलों का खुलासा किया। जाँच के दौरान यह पाया गया कि कुछ उपभोक्ताओं द्वारा मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार में कटिंग कर अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर को बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी।

इस संबंध में नटवार थाना क्षेत्र के महरोढ़ निवासी गीता कुंवर पर 33065, सुरेंद्र पासवान पर 32027, माया देवी पर 22667, तारकेश्वर सिंह पर 14580, शांति देवी पर 49052 एवं विनोद साह पर 28877 का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, बिना वैध विद्युत कनेक्शन लिए एलटी पोल से अवैध रूप से तार जोड़कर बिजली चोरी करने के आरोप में देवरिया टोला निवासी चौधरी योगेश्वर सिंह पर 83120 का जुर्माना लगाया गया।

जांच के दौरान उनके परिसर में मीटर स्थापित नहीं पाया गया तथा वैध कनेक्शन से संबंधित कोई दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, बकाया राशि रहने के बावजूद बिना भुगतान एवं आरसी शुल्क जमा किए अवैध रूप से बिजली उपयोग करने के मामले में बिक्रमगंज के कृष्णा नगर निवासी उर्मिला देवी पर 71959 का जुर्माना लगाया गया है। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में 5000 से अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 20000 से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं तथा खराब मीटरों को तत्काल बदला जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बिजली बिल वसूली एवं लाइन काटने की कार्रवाई के लिए सेक्शन स्तर पर विशेष टीम (स्पेशल गैंग) गठित की गई है, जो घर-घर जाकर विपत्र की राशि वसूली कर रही है। भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई भी की जा रही है।गौरतलब है कि चालू माह में प्रमंडल सासाराम अंतर्गत कुल 208 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी के मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 83.43 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

## वार्षिक परीक्षा में कर्ण विद्या विहार के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज



**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज शहर स्थित कर्ण विद्या विहार में वार्षिक परीक्षा 2025-26 के उत्कृष्ट परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियो की मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर उन्हें सम्मानित किया गया। जिससे उनकी लगनशीलता और अपनी प्रतिभा को देखकर शिक्षक भी बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय ने आदर्श विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया, बल्कि सभी कक्षाओं के टॉपर्स को भी उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया।

ये विद्यार्थी शैक्षणिक श्रेष्ठता, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हैं। वहीं विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सोनम सिंह ने सभी क्लास टॉपर्स को उनकी मेहनत और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। डॉ. सोनम सिंह ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन और परिश्रम के साथ-साथ सभी शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का भी परिणाम है। अन्य विषयों के साथ चित्रकला और संगीत, नृत्य जैसे विषय को लेकर अपनी कल्पनाशीलता और अपनी गायन प्रतिभा से बच्चों ने सबको चकित किया।

कर्ण विद्या विहार के निदेशक डॉ. कामेंद्र सिंह ने कहा कि मैं अपने विद्यालय परिवार के साथ-साथ शिक्षक- शिक्षिकाओं और सभी मेधावी छात्रों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी निरंतर सफलता की ऊँचाइयों को छू रहे हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य को लेकर बधाई दिया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं को विशेष रूप से इस सफलता के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्रबंधक पप्पू सिंह और उप प्रधानाचार्य निशा सिंह ने बच्चों की सफलता को लेकर विशेष रूप बधाई दिया।

## प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा संतपॉल स्कूल में शिक्षा महाकुंभ कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




सासाराम। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन आमतौर पर निजी स्कूलों के लिए बेहतर कार्य करने के माहौल और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने हेतु कार्यरत है। उक्त बातें सासाराम के संतपॉल स्कूल में आयोजित एसोसिएशन की ओर से जिला सम्मेलन के शिक्षा महाकुंभ का उद्घाटन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद ने कही। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि निजी विद्यालयों के हितों की रक्षा करना, उनके लिए एक साझा मंच प्रदान करना तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि यह एसोसिएशन निजी विद्यालयों की समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाने, शिक्षा के स्तर को उन्नत करने तथा बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए भी काम करता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल चेनारी के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम तथा परबत्ता के विधायक संजीव कुमार ने कहा कि एसोसिएशन के अनेक कार्यों में एक कार्य विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उच्च शिक्षण मानकों को बढ़ावा देना भी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी डॉ0 नेहा कुमारी ने कहा कि यह एसोसिएशन स्कूलों में बच्चों के लिए भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित करता है। कुछ इसी तरह की बातें एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एसपी वर्मा ने भी कही। पूरे कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रोहित वर्मा ने किया। जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों को शॉल, मोमेंटो, अतिसम्मान के प्रतीक पगड़ी और साहस-वीरता के प्रतीक तलवार भेंट की। आगत अतिथियों के साथ ही कार्यक्रम में जिले के विभिन्न जगहों से आये निजी विद्यालयों के संचालकों को भी रोहित वर्मा ने हृदय-तल से धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विष्णुगढ़ की मासूम बेटी को न्याय दिलाने हेतु कल हजारीबाग बंद, सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा ने की सफल बनाने की अपील




लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)

हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कुसुम्भा गांव में 12 वर्षीय अबोध बालिका के साथ हुई दरिंदगी और फिर उसकी निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना ने पूरे झारखंड को झकझोर कर रख दिया है। इस वीभत्स और अमानवीय कृत्य के विरोध में तथा दोषियों पर अविलंब कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की घोषणा के अनुरूप सोमवार यानी 30 मार्च को हजारीबाग जिला पूर्णतः बंद रहेगा ।इस गंभीर विषय पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गहरी संवेदना और आक्रोश व्यक्त करते हुए हजारीबाग जिला वासियों से इस बंदी को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हमारी मासूम बेटी के साथ जो हुआ वह मानवता पर कलंक है और प्रशासन को नींद से जगाने के लिए हम सबको एकजुट होना होगा। उन्होंने जिले के तमाम व्यवसायियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपने-अपने प्रतिष्ठान स्वतः बंद रखकर इस विरोध प्रदर्शन में सहभागी बनने का विनम्र आग्रह किया है। हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने भी इस बंदी के समर्थन में जनता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि महज बंदी का आह्वान नहीं, बल्कि उस अबोध बालिका को न्याय दिलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हजारीबाग की सामूहिक आवाज है। भाजपा ने विश्वास जताया है कि हजारीबाग की जनता अपनी संवेदना प्रकट करते हुए इस बंदी को पूर्णतः सफल बनाएगी ताकि सोई हुई सरकार और प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके।

### धनबाद लोयाबाद में नगर निगम का कचरा डंपिंग कर प्लास्टिक जलाकर प्रदूषण फैलायाने के संबंध में रत्नेश कुमार ने ट्वीट कर किया कार्यवाई की मांग



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता। अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के जिला अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने झारखंड सरकार धनबाद डीसी , धनबाद नगर निगम, झरिया विधायक रागिनी सिंह को ट्वीट कर लिखा कि लोयाबाद वार्ड संख्या 8 अंतर्गत एकड़ा बासुदेवपुर कोलियरी के जंगलों में रेंमकी कंपनी के ठेकेदार द्वारा पूरे धनबाद नगर निगम क्षेत्र का कचरा अवैध रूप से गिराया जा रहा है। इसके साथ ही प्लास्टिक सहित अन्य कचरे में आग लगा दी जाती है, जिससे क्षेत्र में भारी प्रदूषण फैल रहा है और स्थानीय लोग इसके शिकार हो रहे हैं। कि सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, बल्कि सारा कचरा एक साथ फेंका जा रहा है। साथ ही कचरे का रीसाइक्लिंग भी नहीं किया जा रहा, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। जंगलों में रहने वाले जीव-जंतु और पक्षियों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है, अगर समय रहते इसपर कोई कार्यवाई नहीं होती है तो ऐसे ही भरी मात्रा में प्रदूषण फैलते रहेंगे और लोग प्रदूषण का शिकार होते रहेंगे

# हजारीबाग के गदोखर में मुखिया के भाई की चाकू मारकर हत्या

लोक तंत्र की आवाज़

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में रामनवमी जुलूस के दौरान शुक्रवार देर रात दो अलग-अलग जगहों पर हिंसक घटनाएं सामने आईं. इन घटनाओं ने पूरे इलाके में डर और तनाव का माहौल बना दिया है. एक ओर गदोखर गांव में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई, तो वहीं दूसरी ओर दिपुगढ़ा में एक युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया. पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश जारी है।



**गदोखर गांव में मुखिया के भाई को बनाया निशाना:** पहली घटना पेलावल ओपी थाना क्षेत्र के गदोखर गांव की है, जहां रामनवमी जुलूस के दौरान गांव के मुखिया के भाई राम कुमार साव उर्फ रामा साव (करीब 40 वर्ष) की निर्मम हत्या कर दी गई. बताया जा रहा है कि जुलूस के दौरान कुछ युवक एक वाहन के बोनट पर चढ़कर नाच रहे थे, जिससे विवाद की शुरुआत हुई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रामा साव ने युवकों को वाहन से नीचे उतरने को कहा, जिस पर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई. देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि हिंसक रूप ले लिया।

**बहस के बाद भुजाली से किया गया हमला :** मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि बहस के दौरान ही युवकों ने अचानक रामा साव पर भुजाली से हमला कर दिया. हमला बेहद गंभीर था और रामा साव की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद जुलूस का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया और गांव में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से किसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी, जो इस मौके पर सामने आ गई और हिंसा में बदल गई।

**परिवार ने लगाए हत्या के आरोप :** मृतक के भाई और मुखिया पति नारायण साव ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कर्ण यादव, रितेश यादव, अभिषेक यादव और अरुण यादव ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है. उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है. इस घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव के लोग भी गमगीन हैं।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा:** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**दिपुगढ़ा में युवक पर चाकू से हमला :** दूसरी घटना कोर्रा थाना क्षेत्र के दिपुगढ़ा की है, जहां रामनवमी जुलूस के दौरान ही एक युवक मुकेश सिंह पर जानलेवा हमला किया गया. बताया जा रहा है कि किसी विवाद के चलते एक युवक ने मुकेश पर भुजाली से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल मुकेश सिंह को तुरंत इलाज के लिए आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

## रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण हुआ संपन्न एक से बढ़कर एक की गई झांकी प्रस्तुति



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड गिद्धौर (चतरा)** ।प्रखंड में रामनवमी त्यौहार शांति पूर्ण सम्पन्न हो गया ।दशमी के अवसर पर चार जीवंत झांकी की प्रस्तुति की गई ।कार्यक्रम में विधायक उज्वल दास,जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी मुख्य रूप से मौजूद थे। जिसमे भास्कर स्वलंबन क्लब उपर मुहल्ला के तहत मां बेटा और बहु पर आधारित झांकी की प्रस्तुति से लोगों की आंखे नम हो गई।

झांकी में आज के दौर में बहु के द्वारा सास धक्का दे भगाने समेत का दृश्य से झकझोर कर रख दिया ।लोगों ने झांकी को जमकर सराहना किया ।वहीं सार्वजनिक नवयुवक विकास संघ ठाकुरवाड़ी मुहल्ला के द्वारा भारत पाकिस्तान का युद्ध और 1947 का पार्टिशन एवं 1971 का युद्ध सर्जिकल स्ट्राइक कर दिखाया गया।

बिचली टोला से लव जिहाद पर आधारित झांकी प्रस्तुत किया गया ।इसके बाद नीचे मुहल्ला के ओर से मंगल पांडेय के फांसी पर आधारित झांकी की प्रस्तुति किया गया ।झांकी की प्रस्तुति रामनवमी मेला महासमिति अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी,सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा तथा थाना प्रभारी शिवा यादव घूम घूम कर जायजा लेते रहे ।साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था ।मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## धनबाद: दुर्गा कॉलोनी के दुर्गा मंदिर में चोरी हिन्दुओं की आस्था पर चोट, प्रशासन अविलंब कार्रवाई करें- बाघमारा विधायक



लोकतंत्र कु आवाज़

धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ,पप्पु गुप्ता।** चोरी की घटना की सूचना मिलने पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मंदिर में चोरी जैसे जगन्य वारदात को अंजाम देना हिंदुओं की आस्था पर सीधा-सीधा प्रहार है। हिंदू की भावनाओं को चोट पहुंचाने का काम किया गया है। पुलिस पेट्रोलिंग की लापरवाही भी स्पष्ट दिखाई पड़ती है। एक दिन पहले ही रामनवमी का त्योहार बीता है। उसके ठीक अगले ही दिन माता के मंदिर में चोरी होना सीधे-सीधे पुलिस को चुनौती दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा है कि अतिशीघ्र ही चोर सलाखों के अंदर होगा। मौके पर पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा नेता सुभाष राय, सीटू मिश्रा, भोला राय, आनंद राणा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## धनबाद नगर निगम का 11 जोनल कमिटियों के गठन से विकास को मिलेगी नई रफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़

धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता ।** बुडीह स्थित विवाह भवन में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में धनबाद नगर निगम ने शहर के समग्र विकास को गति देने के लिए बड़ा कदम उठाया। बैठक में मेयर संजीव सिंह, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, टुंडी विधायक सह सचेतक मथुरा प्रसाद महतो सहित सभी 55 वार्डों के पार्षद और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम की कार्यप्रणाली को अधिक संगठित, पारदर्शी और प्रभावी बनाना था। इसी दिशा में सर्वसम्मति से 55 वार्डों के लिए कुल 11 जोनल कमिटियों का गठन किया गया। इन कमिटियों में संबंधित वार्डों के पार्षदों को शामिल किया गया है, जिससे क्षेत्रीय समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान की प्रक्रिया को तेज किया जा सके। अब ये जोनल कमिटियां अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क, जलापूर्ति, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं की नियमित समीक्षा करेंगी। इससे न केवल योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा, बल्कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान भी संभव हो सकेगा।

मेयर संजीव सिंह ने कहा कि नगर निगम अब “एक्शन मोड” में काम कर रहा है और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि नवगठित कमिटियों के साथ आगामी बजट पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी, ताकि योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सके।

वहीं मथुरा प्रसाद महतो ने इस पहल को शहर के विकास के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को तेजी से लागू करने में मदद मिलेगी और जनता को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय से लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सकेगा।

बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं भी उठाईं, जिस पर अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम ने 30 मार्च को विकास योजनाओं पर एक विशेष बैठक आयोजित करने का निर्णय भी लिया है, जिसमें विभिन्न प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कुल मिलाकर, 11 जोनल कमिटियों का गठन धनबाद के विकास को नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है, जिससे शहर में योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी और पारदर्शिता दोनों बढ़ेंगी।

## हजारीबाग में 24 घंटे से रामनवमी शोभायात्रा की रही धूम

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)** । इंटरनेशनल रामनवमी हजारीबाग की शोभायात्रा में 107 अखाड़ों की भागीदारी और झांकियां के साथ लोग उत्साह से प्रदर्शन कर रहे हैं। शोभा यात्रा को चुस्त दुरुस्त करते हुए हाईटेक सुरक्षा के बीच प्रशासन भी मुस्तैद है।

इस शोभा यात्रा में लाखों लोगों की भीड़ होती है और दूर-दूर से लोग देखने के लिए पहुँचते हैं। इस ढोल तासे और डीजे की धुन में कई लोगों ने खेल के दौरान चोटिल भी होते हैं और कई लोग अपने पुराने बैर को भी साधते हुए जानबूझकर हमला भी करते हैं। इस हमले के कारण अब तक हजारीबाग में दो लोगों की मौत हो गई। जो इस भव्य शोभा यात्रा का एक बहुत बड़ा गंभीर कारण भी बना, हालांकि विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन खुद कमान संभालते नजर आ रहे हैं।



**■ 107 अखाड़ों की भागीदारी, झांकियों व शस्त्र प्रदर्शन से उत्साह चरम पर**

**चाकूबाजी में की मौत घायल:** अब तक 30 अखाडा के शोभायात्रा जामा मस्जिद से गुज़र चुकी है । झारखंड से है जहां हजारीबाग शहर की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रामनवमी शोभायात्रा पिछले 24 घंटों से भव्य रूप से चल रही है। देर रात तक समाप्त होने की संभावना है। बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त सड़कों पर उमड़े हैं और उत्साह चरम पर है। इस बार 107 अखाड़ों ने भाग लिया है। आकर्षक झांकियां, डीजे की धुनें और पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन ने माहौल को और भव्य बना दिया है। प्रशासन ने कड़ी हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था की है। एसपी व डीसी स्वयं निगरानी कर रहे हैं। हालांकि शोभायात्रा के दौरान करीब 500 लोग घायल हुए हैं। चाकूबाजी में 2 की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर घायलों को रांची रेफर किया गया। फिर भी आयोजन शांतिपूर्ण रूप से जारी है।

## विष्णुगढ की नाबालिग बच्ची की विभत्स घटना को लेकर रविवार संध्या कैंडल मार्च निकाला गया

लोकतंत्र की आवाज़

**ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ थाना क्षेत्र के कुसुम्भा गाँव के बीते दिनों 12 वर्षीय अबोध बच्ची की निर्ममता पूर्वक क्रूरता के जरिए हत्या करने के खिलाफ सभी न्यायप्रिय क्षेत्र के लोगों ने रविवार संध्या कैंडल मार्च निकाला जो विष्णुगढ प्लस 2 उच्च विद्यालय से लेकर अखाड़ा चौक ब्लॉक रोड होते हुए सात मिल क्रोस कर वापस विद्यालय का सफर तय किया गया।



इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर हाथों में तख्तियां और कैंडल लेकर आक्रोश के साथ नारे लगाते हुए मार्च को सफल बनाया ।मार्च का नेतृत्व हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा किया जा रहा था, जबकि कैंडल मार्च के समर्थन में झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा ,भाकपा माले विष्णुगढ कमेटी , गुरुग्राम पब्लिक स्कूल , प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के साथ-साथ हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने नारे लगाते हुए इस विभत्स घटना की तीव्र निंदा करते हुए नारा लगा रहेथे ।नाबालिग बच्ची परिवार न्याय दो , दोषियों को फांसी की सजा दो , झारखंड सरकार मुर्दाबाद, कल विष्णुगढ समेत हजारीबाग बंद रहेगा।

लोगों में काफी आक्रोश का माहौल भी था और आँखों में मृतक नाबालिग बच्ची के प्रति संवेदनाएं झलक रही थीं, बताते चलें कि इस अमानवीय घटना घटने के बाद आज छठे दिन बीत गए और महज एक एसआईटी का गठन कर लोगों को सांत्वना दिया जा रहा है, जिससे लोग खासे नाराज हैं और आर पार की लड़ाई के मूड में हैं। समय रहते सरकारी तंत्र अगर कोई ठोस पहल करते हुए कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलनों का और भी गति तेज होने का आभास है। कैंडल मार्च में स्थनीय प्रखंड के मुखिया संघ के सदस्य, पंचायत समिति के सदस्य तथा सभी न्यायप्रिय पसंद लोग भारी संख्या में जुटे हुए थे।

## प्रखंड कार्यालय सिमरिया में सशक्तिकरण शिविर आयोजित, बीडीओ ने लाभुकों के बीच बांटे 51 लाख के परिसंपत्ति

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड सिमरिया(झारखंड)।** सिमरिया निज प्रतिनिधि प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को भव्य 'मेगा एंपावरमेंट कैंप' (विशाल सशक्तिकरण शिविर) का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया, जहाँ विभिन्न मदों के तहत लाभुकों के बीच 51 लाख रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे जागरूक बनें और बिचौलियों के चक्कर में आए बिना सीधे सरकारी स्टालों से जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाए। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विशेष स्टाल लगाए गए थे। यहाँ न केवल नए आवेदन स्वीकार किए गए, बल्कि पूर्व से लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन भी किया गया। योग्य लाभुकों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र और सामग्री प्रदान की गई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अधिकार मित्र सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, संदीप उरांव, अमित कुमार, सीता देवी और अंजली कुमारी उपस्थित थे। साथ ही विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण व लाभुक शामील हुवे।

## रामनवमी विजया दशमी धूमधाम से संपन्न, भव्य झांकियां, कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड सिमरिया (चतरा)** ।सिमरिया प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में रामनवमी विजया दशमी का पर्व हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जय श्रीराम के उद्घोष और डीजे की गूंज के बीच विभिन्न अखाड़ों द्वारा निकाली गई भव्य झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जुलूस के दौरान पुराना अखाड़ा सिमरिया बाजार टांड़, बानासाड़ी, रोल, खपिया पगार, हर्षनाथपुर, गोवा और साबानों अखाड़ा समितियों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं।





युवाओं ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र संचालन और साहसिक करतब दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पूरी रात सिमरिया की सड़कें भक्ति और उत्साह में डूबी रहीं। रात 10 बजे से लेकर अगले दिन तक श्रद्धालुओं की भीड़ और धार्मिक उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आयोजन की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। एसडीओ महेश्वरी प्रसाद, एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार राय एवं थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह स्वयं पूरी रात सड़कों पर मौजूद रहकर व्यवस्था की निगरानी करते रहे।

सुरक्षा के मद्देनजर आईआरबी, एसएसबी, झारखंड पुलिस और गृह रक्षक जवानों की तैनाती की गई थी। साथ ही दो खोजी कुत्तों की भी तैनाती कर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी गई। रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष विनोद बिहारी पासवान, सुबोध पांडे, दयानिधि सिंह, देवनंदन साहु, रणजीत सिंह, नित्यानंद सिंह, रवि कुमार सहित सभी अखाड़ा सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने और आपसी सौहार्द बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में भाईचारे और एकता की मिसाल देखने को मिली, जिसके लिए सभी अखाड़ा समितियां और ग्रामीण सराहना के पात्र हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अशोक सम्राट शोभा यात्रा भगवानपुर मुख्यालय से मुंडेश्वरी बुद्ध सरवर तक



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ कैमूर- भारत के महान शासक अशोक सम्राट की जयंती भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय में सम्राट अशोक क्लब के तत्वाधान में शोभा यात्रा निकल गया। अशोक सम्राट शोभा यात्रा बुद्ध नगर खीरी से होकर परमालपुर, मानिकपुर, पढ़ौत्ती, मरची, पिहरा, कसेर होते हुए मुंडेश्वरी इको पार्क स्थित बुद्ध सरवर के पास सभा में तब्दील हो गया। सैकड़ो लोगों ने जुलूस में नारा बुलंद करते हुए कहा कि आपका शासक कैसा हो महान सम्राट अशोक जैसा हो आदि नारा लगाते देखें गए। शोभा यात्रा सम्राट अशोक क्लब अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा, सचिव राकेश कुमार, मीडिया प्रभारी गणेश कुमार, मदन मोहन सिंह, संगम कुमार, अवधेश कुशवाहा के नेतृत्व में निकल गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### बसपा कार्यकर्ता राजेश राम के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष ने किया दुख व्यक्त



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ कैमूर-बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो ने बसपा कार्यकर्ता चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत उदय रामपुर ग्राम ईसापुर स्वर्गीय मुरली राम के 34 वर्ष के पुत्र राजेश राम के निधन पर दुख व्यक्त किया है और कहा कि समर्पित कार्यकर्ता थे। बताया जाता है कि राजेश राम ब्लड कैंसर का इलाज वाराणसी बीएचयू में चल रहा था जो 25 मार्च 2026 को उनका निधन हो गया। उन्होंने कहा कि राजेश राम की पारिवारिक स्थिति काफी दयनीय है उनके छोटे-छोटे मासूम बच्चों को शिक्षा दीक्षा एवं सामाजिक आर्थिक सहयोग करना दायित्व है। घटना की खबर सुनकर चैनपुर विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या कुमार, बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गणेश राम, पूर्व जिला प्रभारी आनंद कुमार दिनकर, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार, सेक्टर अध्यक्ष रमाकांत राम, राजेश कुमार, पिंटू कुमार, विक्रम खरवार, महेंद्र राम, राधेश्याम राम, मनीष कुमार गुप्ता, ने मृतक राजेश राम पार्टी कार्यकर्ता के घर पहुंच कर शोक संवेदनाएं व्यक्त किया और इस संबंध में बिहार प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराकर हर बिंदु पर मदद करने का यथासंभव प्रयास किया है।

# मां छेरावरी धाम में चैता की गूंज: सुरों के संग्राम में चितरंजन व्यास ने मारी बाजी

लोकतंत्र की आवाज



रामगढ़। प्रखंड के महुअर गांव में प्रसिद्ध मां छेरावरी धाम के प्रांगण में बीते दिन देर रात तक चैता (लोक गायन) का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्वांचल और आसपास के क्षेत्रों से आए दिग्गज गायकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिससे पूरा परिसर भक्ति और लोक संगीत के रंग में सराबोर हो गया।

**तीन दिग्गज टीमों के बीच हुआ कड़ा मुकाबला :** कार्यक्रम के दौरान चैता की तीन प्रमुख 'गोला' टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। **प्रतियोगिता में निम्नलिखित टीमों ने अपनी गायकी का लोहा मनवाया:**

**वीरेंद्र व्यास की टीम:** वरिष्ठ गायक होने के नाते उन्हें उनके अनुभव के लिए विशेष सम्मान दिया गया।

**जगजीवन व्यास की टीम:** इन्होंने अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया।

**चितरंजन व्यास की टीम:** बलिया से आए चितरंजन व्यास ने अपनी विशेष शैली से समां बांध दिया।

**भूपेंद्र सिंह के उद्घोष ने बांधा समां:** कार्यक्रम का आकर्षण केवल गायकी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समिति के सदस्य और मंच संचालक भूपेंद्र सिंह ने अपनी ओजस्वी आवाज और कुशल संचालन (अनाउंसमेंट) से पूरी रात दर्शकों को कार्यक्रम से जोड़े रखा। उनके प्रभावी संबोधन ने आयोजन में जोश भर दिया।

**चितरंजन व्यास बने 'चैता सम्राट':** मुकाबला काफी दिलचस्प रहा, लेकिन बलिया के चितरंजन व्यास की प्रस्तुति सबसे भारी पड़ी। जूरी और जनसमूह ने सर्वसम्मति से उन्हें प्रथम स्थान दिया। आयोजकों ने बताया कि चितरंजन व्यास ने पूरे चैते पर अपनी बादशाहत कायम की, वहीं वरिष्ठता के आधार पर वीरेंद्र व्यास और जगजीवन व्यास को भी सम्मानित किया गया।

**आयोजन समिति और गणमान्य जनों की उपस्थिति:** इस सफल आयोजन के पीछे मां छेरावरी धाम चैता आयोजन समिति की मुख्य भूमिका रही, जिसमें निम्नलिखित



पदाधिकारी सक्रिय रहे: अध्यक्ष: बंटी सिंह, सचिव: दयानंद सिंह, उपाध्यक्ष: रामेश्वर प्र० सिंह, कोषाध्यक्ष: रामेश्वर प्रसाद सिंह (गुड्डू), सदस्य: अजय कुमार सिंह, इस अवसर पर रामाकांत सिंह, हलचल सिंह 'बोल बम' समेत क्षेत्र के हजारों गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य हमारी पारंपरिक लोक कला और संस्कृति को जीवित रखना है।

### बिहार बोर्ड 10वीं का परिणाम: कैमूर के लाल विकास कुमार गुप्ता ने रचा इतिहास, प्रदेश में हासिल किया 5वां स्थान



लोकतंत्र की आवाज

कैमूर। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) द्वारा रविवार को मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया गया। इस वर्ष के नतीजों में कैमूर जिले के चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम अखाड़ा निवासी विकास कुमार गुप्ता ने अपनी मेधा का लोहा मनवाते हुए पूरे बिहार में 5वीं रैंक हासिल की है।

**97.2% अंकों के साथ जिले का नाम रोशन :** विकास कुमार गुप्ता, पिता अनिल गुप्ता ने इस परीक्षा में कुल 486 अंक (97.2%) प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे कैमूर जिले में जश्न मनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास ने अपनी कड़ी मेहनत से चैनपुर प्रखण्ड के अवखरा गांव को एक अलग पहचान दी है।

**शिक्षा मंत्री ने जारी किए परिणाम :** आपको बता दें कि बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने आज 29 मार्च 2026 को दोपहर 1:15 बजे आधिकारिक रूप से परिणाम जारी किए। इस अवसर पर बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री ने सफल परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**सफलता का श्रेय और खुशी की लहर :** विकास की इस बड़ी सफलता पर उनके परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। विकास ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और शिक्षकों की कड़ी मेहनत को दिया है। संयुक्त रूप से टॉपर्स की सूची में अपनी जगह बनाकर उन्होंने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद अगर लक्ष्य स्पष्ट हो, तो बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।

## बेलावं में डॉक्टर बी आर अंबेडकर जयंती मनाने से संबंधित हुई बैठक



लोकतंत्र की आवाज
रामपुर। प्रखंड अंतर्गत रविवार को जीविका कार्यालय बेलावं के नीचे कोचिंग सेंटर में क्षेत्रीय समाजसेवियों ने वीरेंद्र राम की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 .4 .2026 को जुलूस निकालने से संबंधित चर्चाएं हुई। कार्यक्रम का संचालन मुसाफिर राम ने किया। कृपा नारायण राम ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर गांव-गांव से जुलूस निकलेगा जिसका मिलन बेलावं बाजार में किया जाएगा। यह जुलूस शांति व भाईचारे के साथ निकल जाएगी। मौके पर संदीप कुमार, विपिन बिहारी राम, कृपा नारायण राम, मनोज कुमार राम, विनोद सिंह, रिंकू सिंह, शिव प्रसन्न सिंह यादव सहित सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उदासी देवी उच्च विद्यालय के प्रांगण में कैमूर के तीन महापुरुषों के स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

विनोद कुमार राम
भभुआ कैमूर। श्रीमती उदासी देवी प्लस टू उच्च विद्यालय अखलासपुर खेल मैदान में स्वर्गीय रामलाल सिंह, स्वर्गीय प्रमोद कुमार सिंह, स्वर्गीय कामता सिंह के स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 22 मार्च से आयोजित किया जा रहा है।



शनिवार को प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि श्रीमती किरण बाला मुखिया अखलासपुर प्रमुख अतिथि दिनेश सिंह, डायरेक्टर डीएवी स्कूल जद्दूपुर, राम प्रसाद सिंह, संतोष सिंह अजय सिंह उपाध्यक्ष जेडीयू श्री भानु प्रताप सिंह के उपस्थिति में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कबूतर उड़ाकर विधिवत खेल का शुभारंभ किया गया आयोजन कर्ता अखलासपुर मुखिया किरण बाला व मुखिया प्रतिनिधि रमेश चौरसिया के सौजन्य से कराया जा रहा है प्रतियोगिता में 22 मार्च से हो रहे फुटबॉल प्रतियोगिता कुल आठ टीम झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश आदि की टीमें भाग ली है रविवार को फाइनल मैच तूफान फुटबॉल क्लब अखलासपुर बनाम फुफुआव गाजीपुर उत्तर प्रदेश के बीच शानदार, रोमांचक फुटबॉल का मैच खेला गया दर्शकों के तालियों से मैदान गूंज रही थी प्रथम हॉफ टाइम तक फुफुआव टीम के जर्सी नंबर दो आशीष खान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक शुन्य से आगे मैच जारी है प्रथम गोल पर दो हजार द्वितीया गोल पर एक हजार इस प्रकार इनाम की झड़ी लग गई नगद इनाम कमिटी के द्वारा दिया गया।

मुख्य रेफरी रोशन अली, सहायक रेफरी राजू गद्दी, अयूब अली, साबिर खां महत्वपूर्ण भूमिका निभाई मंच का संचालन बंशीधर कैमुरी, शौकत अली गद्दी ने संयुक्त रूप से किया इस मौके पर संजय सिंह प्रिंसपल इंटर कालेज भभुआ, फुटबॉल के वरीय खिलाड़ी दिनेश जी पटेल, उत्तम चौरसिया, सरपंच प्रतिनिधि शंकर प्रजापति, डॉ तुलसी प्रसाद सिंह शंकर कैमूरी, बिरजू सिंह पटेल, मीरा कुमारी बीडीसी अखलासपुर, असरफ अली, सुनील कुमार उर्फ गुड्डू कुमार, इम्तियाज अली, खरपत्तू राम सहित सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

# ई-रिक्शा चालक की बेटी ने रचा इतिहास: इंटर की परीक्षा में श्वेता कुमारी ने बिहार में हासिल किया 9वां स्थान

लोकतंत्र की आवाज

रामजी गुप्ता
रामगढ़ (कैमूर)। "हौसले के तरकश में कोशिश का वो तीर जिंदा रखो, हार जाओ चाहे जिंदगी में सब कुछ, मगर फिर से जीतने की उम्मीद जिंदा रखो।" इसी कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है रामगढ़ प्रखंड के राजेंद्र नगर देवहलिया स्थित नवभारत इंटरमीडिएट विद्यालय की होनहार छात्रा श्वेता कुमारी ने। श्वेता ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 96.4% (482 अंक) प्राप्त कर पूरे प्रदेश में 9वीं रैंक और जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

**प्राचार्य नीरज कुमार के मार्गदर्शन में विद्यालय का मान बढ़ा :** इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार ने छात्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि



श्वेता शुरू से ही एक मेधावी और अनुशासित छात्रा रही है। प्राचार्य नीरज कुमार के कुशल नेतृत्व और विद्यालय के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्र के इस विद्यालय की छात्रा ने राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्राचार्य ने श्वेता को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**पिता चलाते हैं ई-रिक्शा, बेटी बनना चाहती है शिक्षक :** श्वेता मूल रूप से रामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम-सराय (पोस्ट-देवहलिया) की निवासी हैं। उनके पिता शशिभूषण यादव पेशे से एक ई-रिक्शा चालक हैं। संसाधनों के अभाव के बावजूद श्वेता ने अपनी कड़ी मेहनत, स्कूल की पढ़ाई और घर पर स्वाध्याय के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। श्वेता का सपना भविष्य में एक शिक्षक बनकर समाज को नई दिशा देना है।

**गांव और स्कूल में जश्न का माहौल :** श्वेता की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे रामगढ़ क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि श्वेता ने साबित कर दिया कि यदि प्रतिभा हो तो गांव की पगडंडियों से निकलकर भी आसमान छुआ जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

# भभुआ साइबर थाना का पुलिस अधीक्षक ने किया वार्षिक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

कैमूर । भभुआ के साइबर थाना का शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण से पहले साइबर थाना परिसर में पुलिस जवानों ने एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इसके बाद एसपी ने थाना के विभिन्न अभिलेखों और व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।



शाम करीब 6:30 बजे निरीक्षण के दौरान एसपी ने बताया कि यह नियमित वार्षिक निरीक्षण है, जिसके तहत थाना के कार्यों की समीक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों की जांच के दौरान लंबित मामलों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि साइबर अपराध से जुड़े सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। एसपी

**लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश**

ने यह भी कहा कि साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस को अधिक सतर्क और सक्रिय रहने की आवश्यकता है।

उन्होंने थाना में कार्यरत पुलिसकर्मियों को तकनीकी दक्षता बढ़ाने और मामलों की गंभीरता से जांच करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान थाना की साफ-सफाई, अभिलेख संधारण एवं कार्यप्रणाली को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अंत में एसपी ने कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी समाधान प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि लोगों का पुलिस प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

## अखलासपुर गैस एजेंसी पर सिलेंडर को लेकर हंगामा, उपभोक्ताओं व पुलिस में नोंकझोंक

लोकतंत्र की आवाज

कैमूर। अखलासपुर स्थित नागा बाबा गैस एजेंसी पर रविवार को रसोई गैस सिलेंडर वितरण के दौरान भारी अव्यवस्था के कारण हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई।



सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी रही, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। मौके पर मौजूद उपभोक्ता भोलू कुमार ने बताया कि वे सुबह करीब 2 बजे से ही लाइन में खड़े हैं, लेकिन लगभग 10 घंटे बीत जाने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को सिलेंडर मिला, जबकि कई लोग खाली हाथ लौटने को मजबूर हुए। उपभोक्ताओं का आरोप है कि वे पिछले दो-तीन दिनों से लगातार एजेंसी का चक्कर लगा रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें गैस नहीं मिल रही है, जिससे घरों में खाना बनाने में परेशानी हो रही है।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ व्यक्ति बिना लाइन में लगे ही काउंटर से सिलेंडर प्राप्त कर रहे थे और इस पर पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही थी। इसी बात को लेकर लाइन में खड़े उपभोक्ताओं और पुलिस प्रशासन के बीच नोंकझोंक हो गई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया और व्यवस्था को नियंत्रित किया। वहीं उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी संचालक पर वितरण व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

# आदर्श बालिका विद्यालय का गौरव: पल्लवी ने बिहार में पाई 9वीं रैंक, करिश्मा जिला टॉपरों में शामिल

लोकतंत्र की आवाज

रामजी गुप्ता
रामगढ़ (कैमूर)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित 10वीं के नतीजों ने कैमूर जिले में जश्न का माहौल पैदा कर दिया है। विशेष रूप से आदर्श बालिका प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में सफलता का परचम लहराया है। स्कूल की छात्रा पल्लवी कुमारी ने पूरे प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है।

साइकिल से तय किया 10 किमी का सफर, अब छुएंगी आसमान

रामगढ़ प्रखंड के किसुनपुरा गांव की रहने वाली पल्लवी कुमारी की



सफलता संघर्ष और संकल्प की मिसाल है। पल्लवी ने बताया कि नौवीं क्लास की अपनी पढ़ाई के लिए वे प्रतिदिन गांव से 10 किलोमीटर साइकिल चलाकर स्कूल आती थीं। सुविधाओं के अभाव और लंबी दूरी के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। पल्लवी ने 482 अंक (96.4%) हासिल कर बिहार में 9वीं और जिले में दूसरी रैंक प्राप्त की है। उनका सपना अब UPSC पास कर IAS अधिकारी बनने का है।

**एक ही घर में दोहरी खुशी: कोमल कुमारी ने भी गाड़े झंडे :** सफलता की यह कहानी पल्लवी तक ही सीमित नहीं है। उनकी बहन कोमल कुमारी ने भी अपनी मेधा का परिचय




देते हुए 90% अंक हासिल किए हैं। एक ही परिवार की दो बेटियों की इस शानदार उपलब्धि ने पिता संतोष कुमार पांडे (किसान) और पूरे गांव का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

**करिश्मा कुमारी ने जिले में बनाई जगह :** इसी विद्यालय की एक और होनहार छात्रा करिश्मा कुमारी (पिताः उदय यादव, निवासीः गोड़सरा) ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। करिश्मा ने 95.8% अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर 5वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और उनके परिजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

**प्रधानाचार्य और गुरुजनों का मार्गदर्शन :** छात्राओं की इस सामूहिक सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व और शिक्षकों के अथक प्रयास को दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की इन बेटियों ने साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मैट्रिक परीक्षा परिणाम निकला, छात्राओं ने बाजी मारी




लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पी एम श्री चंपा देवी बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने मैट्रिक के परिणाम में लड़कों से आगे रही है । चंद्रभूषण शांडिल्य की पुत्री मानसी कुमारी ने 468 अंक, बबलू कुमार की पुत्री आयुषी 465 अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन की। शेरमारी उच्च विद्यालय का छात्र हरिओम हर्षित 461 अंक, बलराम कुमार का पुत्र आयुष कुमार 460 अंक, पीरपैंती बाजार मो फरीद 464 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया।उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कृष्णदासपुर के छात्र मुकेश कुमार ने भागलपुर जिले में 9 वां स्थान और विद्यालय में टॉप 472 अंक प्राप्त किए। मुकेश का सपना बि पी एस सी अधिकारी बन कर समाज की सेवा करना है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों ने सफल छात्र/छात्राओं उज्वल भविष्य की कामना की।

### सिरदलाः प्रीतम कुमारी ने 480 अंक लाकर बिहार में 11वां स्थान किया हासिल



लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला (नवादा)। रजौली अनुमंडल के सिरदला प्रखंड अंतर्गत मझगावां गांव की प्रतिभाशाली छात्रा प्रीतम कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में 480 अंक प्राप्त कर बिहार में 11वां स्थान हासिल किया है। साथ ही उन्होंने अनुमंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। प्रीतम कुमारी, पिता अमित राय एवं माता सुनीता देवी की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षक नीतीश कुमार को दिया है। परीक्षा में उन्होंने गणित और हिंदी में 98-98 अंक तथा विज्ञान में 97 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वह उच्च विद्यालय सांढ़ की छात्रा हैं और प्रतिज्ञा क्लासेस में कोचिंग प्राप्त कर रही थीं। उनकी इस उपलब्धि से गांव और परिवार में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रीतम को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रीतम की सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

### बिजनौर मंडावर थाना क्षेत्र के पशुशाला में लगी आग



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट महताब अहमद
मंडावर थाना क्षेत्र के गांव राजारामपुर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गांव निवासी जयप्रकाश की पशुशाला में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया, जिससे पशुशाला में बंधी एक गाय की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी गाय आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए किसी तरह झुलसी गाय को बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। आग की लपटों में पशुशाला में रखा चारा, लकड़ी और अन्य सामान भी जलकर राख हो गया, जिससे पीड़ित को भारी नुकसान उठाना पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या चिंगारी को कारण माना जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित जयप्रकाश को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

### समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की कार्रवाई में शराब के साथ लग्जरी गाड़ी जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। थाना क्षेत्र के चितरकोली गांव स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र के दिशा-निर्देश में शराब माफियाओं के विरुद्ध चलाए गए अभियान में शराब के साथ तीन व्यक्तियों गिरफ्तारी की सफलता हाथ लगी है। उत्पाद विभाग के एसआई प्रवीण के नेतृत्व में चलाए गए इस सघन वाहन जांच अभियान के दौरान अधिकारियों ने झारखंड की ओर से आ रही एक संदिग्ध टाटा सुमो गोल्ड गाड़ी जेएच10एआर4255 को रोककर जब उसकी तलाशी ली, तो उसमें से रॉयल चैलेंज ब्रांड की सील खुली हुई बोतल में करीब 250 एमएल विदेशी शराब बरामद की गई। इसके साथ ही एक अन्य यात्री बस की जांच के दौरान रॉयल स्टैग ब्रांड की 375 एमएल की दो बोतलों मे कुल 750 एमएल के साथ एक अन्य व्यक्ति को दबोचा गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान उत्पाद पुलिस ने कुल दो अलग-अलग मामले दर्ज करते हुए तीन अभियुक्तों को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र निवासी बाल्मीकि कुमार तथा धनबाद के जोगता थाना क्षेत्र के रहने वाले मो. रकीब और शोहेब अंसारी के रूप में हुई है। विभाग ने शराब के लाने में प्रयुक्त टाटा सुमो गाड़ी और कुल 250 एमएल शराब को साक्ष्य के रूप में जब्त कर लिया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# मखाना खेती को मिलेगा बढ़ावा, बिरौली केवीके में किसानों को मिला आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बिरौली द्वारा विश्वविद्यालय के मखाना अनुसंधान एवं विकास उत्कृष्टता केंद्र के प्रायोजन में "मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण तकनीक" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर उन्नत तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ केवीके बिरौली के प्रमुख डॉ. आर.के. तिवारी एवं मखाना अनुसंधान एवं विकास उत्कृष्टता केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ. पुष्पा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा सिंह ने मखाना फसल के बढ़ते महत्व, उच्च पोषण मूल्य एवं बिहार, विशेषकर समस्तीपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में इसके विस्तार की अपार संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मखाना किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ निर्यात के लिहाज से भी एक महत्वपूर्ण फसल बनती जा रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. आर.के. तिवारी ने कहा कि केवीके बिरौली किसानों के खेतों पर प्रत्यक्षण (डेमो) एवं नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से वैज्ञानिक तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करेगा। उन्होंने बताया कि मखाना खेती को संगठित एवं व्यावसायिक स्वरूप देने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएंगे, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव होगी।

तकनीकी सत्र में उद्यान विशेषज्ञ डॉ. धीरु कुमार तिवारी ने मखाना उत्पादन की उन्नत तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने तालाब आधारित एवं खेत आधारित खेती के तरीकों, नर्सरी प्रबंधन, रोपण विधि, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति अपनाने से मखाना की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि संभव है।

इसके अलावा सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिषेक उपाध्याय ने मखाना खेती में उपयोग होने वाले आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी देते हुए बताया कि यंत्रीकरण से श्रम लागत में कमी और कार्य क्षमता में वृद्धि होती है। वहीं डॉ. कुलविंदर कौर ने मखाना प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विभिन्न उत्पादों के निर्माण से किसानों की आय कई गुना तक बढ़ाई जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान ई. विनिता कश्यप ने ड्रोन तकनीक के उपयोग पर जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से फसल की निगरानी, उर्वरक एवं कीटनाशक का सटीक छिड़काव संभव है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

इस प्रशिक्षण में केवीके की कर्मी निशा रानी सहित अन्य वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय योगदान दिया। विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी

# सीतामढ़ी के पवन कुमार को मैट्रिक परीक्षा में मिला 8वां रैंक, परिवार में खुशी




लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता विनोद प्रसाद**
**पटना/सीतामढ़ी।** बिहार बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में कुम्हार टोली, माणिक चौक, सीतामढ़ी निवासी शिवेश पंडित के पुत्र पवन कुमार ने राज्य में 8 वां रैंक हासिल कर माता-पिता का नाम रोशन कर दिया। उच्च माध्यमिक विद्यालय, माणिकचौक में पढ़ने वाले पवन कुमार ने कुल 500 में 483 अंक लाकर यह उपलब्धि हासिल की। पवन के पिता पारंपरिक व्यवसाय मिट्टी के बर्तन बनाने के साथ मजदूरी का काम करते हैं। पवन की इस शानदार सफलता पर स्कूल और इलाके में हर्ष है। वरिष्ठ समाज सेवी सुरेन्द्र प्रजापति, गंगा सागर, प्रवीण प्रजापति, मनुष प्रजापति, दिलीप पंडित के अलावा पास-पड़ोस के लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

# पीरपैंती में श्रद्धालुओं ने अश्रुपूर्ण नेत्रों माता की दी गई विदाई



**लोकतन्त्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के सभी पंडालों में स्थापित मां दुर्गा का देर शाम विदाई दी गई।महिलाओं ने अक्षर देकर माता की विदाई की। इस अवसर पर बाबा मनोकामना नाथ मंदिर, बधुआ टोला मंदिर,मेहरपुर वाली दुर्गा मैया,योगी वीर पहाड़ी पर स्थित दुर्गा मां का विदाई धूमधाम से डीजे, गाजे बाजे के साथ किया गया। भक्त नाचते गाते जयकारा लगाते हुए तालाब पर पहुंचे। पीरपैंती पुलिस सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में लगी हुई थी।

# कोंच में तेज रफ्तार कार पलटी, दो घायल, भदेवरा गांव के पास हुआ सड़क हादसा, घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया

लोकतन्त्र की आवाज




**उरई जालौन ।** कोंच कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदेवरा गांव के पास रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार सवार दो युवक घायल हो गए, घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, भगत सिंह नगर निवासी सितेज कुमार (18) और शीलू (19) पुत्र प्रताप सिंह कोंच से भदेवरा गांव की ओर जा रहे थे। दोनों युवक पेटीज बनाने के काम से गांव जा रहे थे और कार की आगे की सीट पर बैठे थे। बताया गया कि भदेवरा गांव के पास अचानक सड़क पर एक गाय का बछड़ा आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क किनारे खंती में जा पलटी। सड़क हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर जा पहुंचे और कार सवार दोनों घायलों को कार से बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पशुओं के अचानक सड़क पर आ जाने से अक्सर हादसे होते रहते हैं। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कोर्ट के बाहर ट्रांसफार्मर में लगी आग

लोकतन्त्र की आवाज



**उरई जालौन ।** जिला मुख्यालय उरई स्थित जिला न्यायालय परिसर के बाहर शनिवार शाम को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ट्रांसफार्मर में अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में आसपास का इलाका धुएं से भर गया और मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रांसफार्मर से अचानक चिंगारियां निकलनी शुरू हुईं, जिसके बाद आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारण ट्रांसफार्मर से जुड़े कई विद्युत केबिल जलकर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो

**■ सोशल मीडिया पर बीडीओ वायरल शॉर्ट सर्किट की वजह से भड़की चिंगारी से लगी आग, बिजली आपूर्ति बाधित**

गई। बिजली कटने से न्यायालय परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में कामकाज प्रभावित हुआ। हालांकि, राहत की बात यह रही कि न्यायालय परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में कामकाज प्रभावित हुआ। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है, हालांकि विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट स्थिति सामने आएगी। वहीं, विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त केबिलों को ठीक करने में जुट गई है, ताकि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल की जा सके।

# कोटरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्तदांतिका मंदिर के महांत फलाधारी बाबा द्वारा अपनी पालतू गाय को डंडे से पीटने के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिया

लोकतन्त्र की आवाज




**उरई जालौन ।** थाना कोटरा क्षेत्रान्तर्गत रक्तदंतिका के महंत फलाहारी बाबा द्वारा अपने मंदिर परिसर में स्वयं द्वारा पाली गई गाय को डंडे से पीटने की सूचना प्राप्त हुई थी उक्त सूचना पर थाना कोटरा पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त महंत भगवान दास यादव उर्फ फलाहारी बाबा पुत्र बनवारी लाल उम्र करीब 70 वर्ष मूल निवासी मूसानगर कानपुर देहात एवं उसके सहयोगी महेंद्र पाटकर पुत्र राम किशन उम्र करीब 49 वर्ष निवासी ग्राम सैदनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोटरा में मु0अ0सं0 25/2026 व धारा-325 बीएनएस व 11पशु क्रूरता अधिनियम अभियोग पंजीकृत किया गया है एवं विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है । क्षेत्राधिकारी उरई द्वारा मीडिया को घटना की जानकारी दी गई

# भूपतपुर गांव में बकायेदारों के विरुद्ध बिजली विभाग ने चलाया विशेष अभियान

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के मुरहेना पंचायत के भूपतपुर गांव में बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से बकाया राशि को लेकर सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रजौली के वरीय प्रबंधक राकेश कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान बिजली मीटर रीडर सुपरवाइजर मो. इरफान आलम, रौशन कुमार, काजल कुमारी, पूजा कुमारी, मीटर रीडर अभिषेक कुमार, लाइन मैन दिनेश पंडित एवं बब्लू कुमार मौजूद रहे। वरीय प्रबंधक ने बताया कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर भूपतपुर गांव में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 18 उपभोक्ताओं से 201100 रुपए की राशि वसूल की गई। साथ ही वैसे उपभोक्ताएं जिनका बिजली बिल काफी दिनों से बकाया चल रहा था, उनका विद्युत विच्छेदन किया गया। प्रबंधक ने बताया कि भूपतपुर गांव में कुल 35 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया है।

बिजली विभाग ने स्पष्ट किया कि वे बकाए बिजली बिल को लेकर आगे भी अभियान जारी रखेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने बिजली बिल का भुगतान समय पर करें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# श्री रामनवमी केंद्रीय पूजा समिति की समीक्षा बैठक पंजाबी भवन में संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**गया।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष आयोजित भव्य शोभा यात्रा की सफलता के उपरांत, श्री रामनवमी केंद्रीय पूजा समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण समीक्षा एवं योजना बैठक का आयोजन गया शहर स्थित पंजाबी भवन में किया गया।

बैठक में समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आयोजन की सफलता पर विचार-विमर्श किया तथा भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की।इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने कहा कि इस वर्ष की श्री रामनवमी शोभा यात्रा ऐतिहासिक रही, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं की सहभागिता ने गया जी की धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों, प्रशासन एवं आम जनमानस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह आयोजन भव्य और अनुशासित रूप से संपन्न हो सका।

उन्होंने आगे कहा कि समिति का उद्देश्य केवल एक शोभा यात्रा निकालना नहीं, बल्कि समाज में धार्मिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। आने वाले समय में और भी संगठित एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा, ताकि आयोजन की भव्यता निरंतर बढ़ती रहे हैं।

वहीं समिति के महामंत्री मणि लाल बारिक ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष के आयोजन से कई महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुए हैं, जिनके आधार पर आगामी वर्ष की तैयारियों को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शोभा यात्रा में झांकियों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को एक दिव्य और अनुशासित वातावरण मिल सके।

**■ बैठक में समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आयोजन की सफलता पर विचार-विमर्श किया**

महामंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि समिति अगले वर्ष की श्री रामनवमी शोभा यात्रा को और अधिक भव्य, आकर्षक एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए अभी से ही योजना निर्माण में जुट गई है।

इस बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि आगामी वर्ष की शोभा यात्रा को पहले से भी अधिक भव्य, व्यवस्थित एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाया जाएगा, ताकि गया जी की पहचान एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में और सशक्त हो सके।

इस अवसर पर डॉ. जयदीश शर्मा, कौशलेंद्र कुमार, मणिलाल वारिक, भोला पटेल, हिमांशु कुमार, नवीन आर्या,शशिकांत मिश्रा, मनीष सिंह, राजू रजक, सीमा सिन्हा, साकेत झा,देवोत्तम कुमार,राम बारीक,कमाल वारिक, पंकज कुमार,शशि कुमार चौरसिया, नवीन कुमार, अमित मोहन मिश्रा,मुक्ता मणि,बबलू आर्य,सूरज सिंह, गुंजन सिंह, गोरे लाल,शशि कुमार,बबन सिंह,दीपक पांडे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे हैं।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।